प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

वर्ष : 15 अंक : 64 | रविवार 22 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया



इतिहास गवाह है कि ईरान को जीतना आसान नहीं है पेज- 2

पेज-6

# पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति संग की बैठक

## रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

(एजेंसी) नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने शनिवार को यहां प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसमें भारत–ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग विस्तार पर चर्चा की गयी। हैदराबाद हाउस में हुई वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा तथा बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार–विमर्श किया। वार्ता के दौरान भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, विदेश सचिव विक्रम मिस्री तथा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल उपस्थित थे। इससे पहले दा सिल्वा का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति दा सिल्वा ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात की तथा राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।ब्राजील के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में ब्राजीलिया की व्यापार एवं निवेश संवर्धन एजेंसी (एपेक्सब्राजील) के पहले कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह कार्यालय ब्राजील के उत्पादों और सेवाओं को विदेशों में बढ़ावा देने तथा ब्राजील की अर्थव्यवस्था के रणनीतिक क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित करने में सहायक होगा। भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ दा नोब्रिगा ने दोनों नेताओं के बीच बढ़ते तालमेल को रेखांकित करते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय संबंधों को ऐतिहासिक रूप से एक नये स्तर पर ले जा रहा है। उन्होंने बताया कि दा सिल्वा अपने साथ अब तक का सबसे बड़ा ब्राजीलिया का प्रतिनिधिमंडल लेकर आये हैं, जिसमें 11 से अधिक कैबिनेट मंत्री, 300 से ज्यादा कारोबारी और 50 मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं। दा सिल्वा की यह यात्रा मोदी की जुलाई 2025 में ब्रासीलिया यात्रा के बाद हो रही है, जो पांच दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्राजील की पहली यात्रा थी। दोनों नेताओं ने जनवरी में टेलीफोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान–प्रदान किया था और साझा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार के महत्व पर बल दिया था।



# आरएसएस से जुड़ा मानहानि मामला, राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए, सपकाल को नया जमानतदार बनाया

(एजेंसी) ठाणे कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। भिवंडी जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने राहुल को काले झंडे दिखाए। वह सपकाल और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ अदालत परिसर में पहुंचे। राहुल द्वारा नए जमानत बॉण्ड पर हस्ताक्षर करने सहित कानूनी कार्यवाही आधे घंटे के भीतर पूरी हो गई। इस मामले में सपकाल को उनका नया जमानतदार बनाया गया है। पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने पुष्टि की कि प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी हो गई। अय्यर ने कहा, हमें भारतीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और हमें विश्वास है कि न्याय मिलेगा। राहुल को भविष्य की सुनवाइयों में व्यक्तिगत उपस्थिति से स्थायी छूट दे दी गई है, लेकिन हम उचित समय पर अपने बचाव पक्ष के गवाहों को पेश करेंगे।श उन्होंने कहा कि जमानत की औपचारिकताएं पूरी हो जाने के बाद अब जांच अधिकारी (आईओ) से जिरह फिर से शुरू होगी और यह स्पष्ट किया कि राहुल से कोई जिरह नहीं की गयी। आरएसएस के स्वयंसेवक राजेश कुंटे ने अदालत में शिकायत दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस नेता ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। कुंटे ने भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) के तहत अपनी शिकायत में कहा कि इस झूठी टिप्पणी से आरएसएस की छवि धूमिल हुई है। मामले की सुनवाई के दौरान कुंटे से जिरह हो चुकी है।



# पत्नी-बच्चों संग आगरा पहुंचे क्रोएशिया के प्रधानमंत्री, ताजमहल का किया दीदार

(एजेंसी)आगरा। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक शनिवार को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ताजमहल देखने आगरा पहुंचे। वे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस–वे के रास्ते दोपहर करीब एक बजे आगरा स्थित एक निजी होटल पहुंचे, जहां भारतीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इसके बाद वे गोल्फ कार्ट के जरिए ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री प्लेनकोविक अपने परिवार के साथ करीब डेढ़ घंटे तक ताजमहल परिसर में रहे। इस दौरान गाइड ने उन्हें स्मारक के इतिहास और स्थापत्य से संबंधित जानकारी दी। परिवार ने स्मारक के सामने फोटो सेशन भी कराया। उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ताजमहल को आम पर्यटकों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। प्रशासन की ओर से आंतरिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई और न ही अंदर की कोई तस्वीर सार्वजनिक की गई।



# अंतरिम व्यापार समझौते पर रोक लगे, नए सिरे से बातचीत हो : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अब अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को स्थगित कर दिया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दो टूक कहना चाहिए कि अमेरिकी पक्ष से स्पष्टीकरण आने तक भारत की तरफ से आयात उदारीकरण नहीं होगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार को इस समझौते पर अमेरिका के साथ फिर से बातचीत करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के लाखों किसानों की आजीविका पर नकारात्मक असर नहीं हो। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक टैरिफ को खारिज कर दिया, जिससे उन्हें उनके आर्थिक एजेंडे के मुद्दे पर बड़ा झटका लगा है। न्यायाधीशों ने बहुमत से कहा कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से अमेरिकी कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें टैरिफ भी शामिल है। रमेश ने कहा, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद इस अंतरिम समझौते को स्थगित कर दिया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अमेरिका की तरफ से स्पष्टीकरण आने तक हम आयात उदारीकरण नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, इस व्यापार समझौते को लेकर नए सिरे से बातचीत होनी चाहिए। रमेश ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने गत दो फरवरी को व्यापार समझौते की पहली घोषणा की और कहा कि प्रधानमंत्री के आग्रह पर यह समझौता हो रहा है। सवाल यह है कि प्रधानमंत्री ने जल्दबाजी क्यों की? रमेश ने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में दिए भाषण से ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री ने आनन–फानन में व्यापार समझौते के लिए ट्रंप से आग्रह किया। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री, वाणिज्य मंत्री और सरकार को दिसंबर से जानकारी थी कि इस मामले में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने वाला है और हो सकता है कि निर्णय ट्रंप के खिलाफ आ सकता है। फिर ट्रंप पर दबाव क्यों डाला गया कि समझौते की घोषणा की जाए? उन्होंने कहा, ट्रंप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय का भारत–अमेरिका समझौते पर कोई असर नहीं होगा। क्या प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के इस बयान से सहमत हैं?



# छत्तीसगढ़ः 10वीं बोर्ड परीक्षा का आगाज, 3.21 लाख विद्यार्थियों ने दी पहली परीक्षा

(एजेंसी) रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज से 10वीं बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। प्रदेशभर के 6,839 स्कूलों से पंजीकृत 3,21,571 विद्यार्थियों ने पहले दिन हिन्दी विषय की परीक्षा दी। परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गई। राज्य में इस वर्ष 2,510 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा और गोपनीयता के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजधानी रायपुर के जे एन पांडेय स्कूल में परीक्षार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। परीक्षा केंद्र से बाहर निकलने के बाद छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल था और पेपर अच्छा होने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। कई विद्यार्थियों ने कहा कि पहले दिन की परीक्षा ने बोर्ड एग्जाम का डर काफी हद तक कम कर दिया। विद्यालय के लेक्चरर राघवेंद्र मिश्रा के अनुसार, निर्धारित छात्रों में से 115 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 6 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे।बोर्ड द्वारा जारी समय–सारणी के अनुसार 10वीं की परीक्षाएं 13 मार्च तक संचालित होंगी। परीक्षा केंद्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों को समय से पूर्व केंद्र पर पहुंचने और प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व शुक्रवार को 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न हुई थीं। प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क है, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सकें।



# प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने फिर आत्मसमर्पण करेंगे : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यापार समझौते पर अमेरिका से दोबारा बातचीत नहीं कर सकते और वह फिर से समर्पण कर देंगे। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक शुल्क को खारिज कर दिया, जिससे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। न्यायाधीशों ने बहुमत के फैसले में कहा कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं। उनका विश्वासघात अब उजागर हो गया है। वह (व्यापार समझौते पर) दोबारा बातचीत नहीं कर सकते। वह फिर से समर्पण कर देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, शब्दिना सिर–पैर वाली विदेश नीति या एकतरफा समर्पण? जिस ट्रंप डील ने भारत से भारी रियायतें लीं, मोदी सरकार ने उसमें फंसने से पहले शुल्क पर अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा, संयुक्त वक्तव्य में भारत को होने वाले कई अमेरिकी निर्यातों पर शून्य शुल्क की बात कही गई है जिससे भारतीय कृषि क्षेत्र का द्वार अमेरिकी वस्तुओं के लिए खुल जाएगा।

साथ ही, 500 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान आयात करने की योजना, हमारी ऊर्जा सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले रूसी तेल की खरीद पर रोक लगाने की प्रतिबद्धता और डिजिटल मोर्चे पर कई कर रियायतों की बात संयुक्त वक्तव्य में कही गई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि भारत के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने के लिए उन पर किसने दबाव डाला? क्या यह एप्स्टीन फाइलें थीं? उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत सरकार अपनी गहरी नींद से जागेगी और एक निष्पक्ष व्यापार समझौता करेगी जो 140 करोड़ भारतीय नागरिकों के आत्मसम्मान और हमारे किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगा? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि यह समझौता एक कठिन परीक्षा की तरह बन गया है जिसका सामना देश को प्रधानमंत्री के आत्मसमर्पण के कारण करना पड़ रहा है। रमेश ने अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए यह सवाल भी किया कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि दो फरवरी 2026 की रात राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा करें? अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ट्रंप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले का अमेरिका और भारत द्वारा इस महीने की शुरुआत में घोषित व्यापार समझौते पर कोई असर नहीं पड़ेगा, साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने अच्छे संबंधों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, कोई बदलाव नहीं होगा। वे (भारत) शुल्क का भुगतान करेंगे और हम शुल्क नहीं देंगे। इसलिए भारत के साथ समझौता यही है कि वह शुल्क देगा यह पहले की स्थिति से उलट है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी सज्जन व्यक्ति हैं, लेकिन अमेरिका के संदर्भ में वह जिनके समकक्ष थे उनसे कहीं अधिक होशियार थे। वह हमें नुकसान पहुंचा रहे थे। इसलिए हमने भारत के साथ एक समझौता किया। अब यह एक निष्पक्ष समझौता है और हम उन्हें शुल्क नहीं दे रहे हैं, जबकि वे शुल्क दे रहे हैं। हमने थोड़ा बदलाव किया। ट्रंप ने कहा, भारत के साथ समझौता जारी है३ सभी समझौते जारी हैं, हम बस इसे एक अलग तरीके से करेंगे। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और भारत ने व्यापार पर एक अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा का आयात बंद करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पादों को खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।



# अजित पवार की मौत के केस में आया नया मोड़, रोहित पवार ने रखी बड़ी डिमांड, किए बड़े खुलासे

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार का प्लेन क्रैश हादसे में 28 जनवरी को निधन हुआ था। इस घटना को घटित हुए तीन हफ्ते से ज्यादा का वक्त हो गया है। रोहित पवार ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पूरे हादसे को गहरी साजिश करार दिया है। इसी के साथ उन्होंने हादसे से जुड़ी तकनीकी खामियों और विमान संचालक कंपनी पर गंभीर सवाल उठाते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के इस्तीफे की मांग की है। रोहित पवार ने आरोप लगाया कि दुर्घटनाग्रस्त स्मंतरमज 45 विमान का संचालन करने वाली कंपनी वीएसआर वेंचर्स को सत्ताधारी दलों का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि इस कंपनी के तार केंद्र और राज्य के प्रभावशाली नेताओं से जुड़े हैं। रोहित पवार ने सीधे तौर पर कहा कि डीजीसीए के कुछ अधिकारी तथ्यों को दबाने और कंपनी को क्लीन चिट दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विमान में यात्रियों के सामान वाली जगह पर पेट्रोल के अतिरिक्त कैन रखे गए थे, जिसके कारण आग बेकाबू हुई। रोहित पवार के मुताबिक, क्रैश के समय विमान में एक के बाद एक कई धमाके हुए, जिससे ब्लैक बॉक्स की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े उन्होंने आरोप लगाया कि विमान की यांत्रिक स्थिति और रख–रखाव में भारी अनदेखी की गई थी। रोहित पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने कहा, श्अजित पवार को न्याय केवल पीएम और गृहमंत्री ही दिला सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे प्रधानमंत्री को इस संबंध में ईमेल के जरिए पत्र लिखेंगे। इसके अलावा, उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी इस मुद्दे को संसद और सार्वजनिक मंचों पर उठाने का आग्रह किया। गौरतलब है कि 28 जनवरी, 2026 को बारामती एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान अजित पवार का चार्टर विमान क्रैश हो गया था। इस भीषण हादसे में अजित पवार समेत चालक दल के सदस्य और सुरक्षा अधिकारीकृकुल 5 लोगों की जान चली गई थी।



# सम्पादकीय

## यूनुस ने क्यों जिक्र किया "सेवन सिस्टर्स" का?

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की सरकार बनने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस का कार्यकाल खत्म हो गया है।


नफीस जाफरी

मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूंकि इसी के साथ देश की राजनीति में उनके भविष्य की भूमिका को लेकर चर्चाएं चरम पर हैं। विदित हो कि नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद देश की कमान संभाली थी। ऐसे में अब वो क्या करेंगे– यह सवाल राजधानी ढाका से लेकर अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों तक में सुर्खियों में है। सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में यह अटकलें जोरों पर हैं कि यूनुस नई सरकार में किसी संवैधानिक पद, विशेष रूप से राष्ट्रपति पद, पर आसीन हो सकते हैं। माना जा रहा है कि बीएनपी के नेतृत्व वाली नई सरकार, जिसके मुखिया तारिक रहमान हैं, उनकी सरकार यूनुस को किसी उच्च पद पर बनाए रख सकती है। हालांकि तारिक रहमान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा कि अभी तक किसी भी भूमिका पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। वहीं इससे पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस राष्ट्र के नाम विदाई भाषण दिया। अपने अंतिम भाषण में उन्होंने एक तरफ अपनी विदेश नीति की उपलब्धियां गिनवाईं तो दूसरी तरफ कहीं भी भारत का नाम लेने से बचे। लेकिन यूनुस की चालाकी तो देखिए भारत का नाम लिए बिना पूर्वोत्तर राज्यों यानी कि सेवन सिस्टर्स का नाम लेकर अपनी रणनीतिक मंशा जरूर साफ कर दी। यूनुस ने एक बार फिर भारत की सेवन सिस्टर्स का मुद्दा उठाया। मुख्य सलाहकार के रूप में अपने अंतिम संबोधन में यूनुस ने एक बार फिर उकसाने वाली बातें कहीं। मोहम्मद यूनुस ने कहा, हमारा खुला समुद्र केवल एक भौगोलिक सीमा नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश के लिए विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़ने का एक खुला द्वार है। नेपाल, भूटान और सेवन सिस्टर्स के साथ इस क्षेत्र में अपार आर्थिक क्षमता है। हमने अपने बंदरगाहों की दक्षता को इटरनेशल लेवल तक ले जाने के लिए सबसे बढ़िया इंटरनेशनल बंदरगाह प्रबंधन कंपनियों के साथ समझौता करने में तरक्की हासिल की है। अगर इनकी दक्षता हम बढ़ाने में हम सफल नहीं होते हैं तो आर्थिक तौर पर काफी पिछड़ सकते हैं। सवाल यह है कि मोहम्मद यूनुस ने अपने अंतिम संबोधन में भारत का जिक्र किए बिना पूर्वोत्तर का जिक्र क्यों किया। क्या यह पड़ोस की छवि को बदलने की यूनुस की सोची–समझी चाल है। नेपाल और भूटान पर तो वह साफ–साफ बोलते नजर आए लेकिन भारत का कहीं भी जिक्र नहीं था। लेकिन सेवन सिस्टर्स का नाम उनकी जुबान पर जरूर था। अपने अंतिम भाषण में यूनुस बार–बार स्वाभिमान और संप्रभुता की बात करते नजर आए। वह कह रहे थे कि बांग्लादेश अब ऐसी विदेश नीति को अपनाएगा जो किसी के सामने न तो झुकेगा और नहीं किसी और की सलाह पर चलेगा। रिश्ते अब सिर्फ आपसी सम्मान और राष्ट्र हित के आधार पर तय होंगे। इससे आसानी से समझा जा सकता है कि यूनुस बिना नाम लिए क्या मैसेज देने की कोशिश कर रहे थे। मुहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर अपनी उन टिप्पणियों को फिस दोहराया, जिनसे पहले भारत में भारी हंगामा हुआ था और भारत–बांग्लादेश संबंधों में तीव्र गिरावट आई थी। भू–राजनीति विशेषज्ञ अब यह सवाल उठा रहे हैं कि भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र का जिक्र कर उसे एक क्षेत्र के रूप में पेश करने का क्या मतलब है। जबकि उन्होंने ये बात बिल्कुल भी नहीं कही कि यह भारत का अभिन्न अंग है। सवाल ये भी है कि क्या यूनुस अपने विदाई भाषण में इस बात को दोहराकर रिश्तों में संभावित सुधार को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी इसी तरह की टिप्पणियों से दोनों देशों के रिश्तों में पहले के मुकाबले गिरावट देखने को मिली है। अपने अंतिम संबोधन में उन्होंने इसे फिर से दोहराया है।

## रोबोटिक विवादः गलगोटिया विश्वविद्यालय की चूक या सरकार की जल्दबाजी?

सतीश मेहरा

नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता सम्मेलन में प्रस्तुत एक रोबोटिक मॉडल ने भारत की तकनीकी विश्वसनीयता, संस्थागत जवाबदेही और सरकारी सत्यापन प्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मंच पर प्रदघ्शत रोबोट को भारत की स्वदेशी तकनीकी क्षमता का प्रतीक बताते हुए इसे देश के नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय आई.टी. मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी इस तकनीक की सराहना करते हुए इसे भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति का उदाहरण बताया। उस समय यह संदेश दिया गया कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता और नवप्रवर्तक भी बन चुका है। लेकिन जैसे–जैसे इस मॉडल के तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण सामने आया, कई विशेषज्ञों ने यह संकेत दिया कि रोबोट पूरी तरह स्वायत्त नहीं था और संभवतरू बाहरी नियंत्रण या पूर्व निर्धारित प्रोग्रामिंग पर आधारित था। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक हो गया कि क्या इस तकनीक को राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करने से पहले पर्याप्त तकनीकी सत्यापन किया गया था या नहीं? भारत में किसी भी नई तकनीक, मशीन या मॉडल को कानूनी रूप से पेटेंट देने का अधिकार केवल इंडियन पेटेंट ऑफिस के पास होता है, जो डिपार्टमेंट ऑफ प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड के अधीन कार्य करता है। जब तक किसी मॉडल को पेटेंट नहीं मिलता, तब तक उसे पूर्ण रूप से प्रमाणित स्वदेशी नवाचार नहीं माना जाता। यदि इस रोबोटिक मॉडल को पेटेंट नहीं मिला था या उसका आवेदन लंबित था, तो इसे राष्ट्रीय उपलब्धि ा के रूप में प्रस्तुत करना तकनीकी प्रक्रिया की दृष्टि से समयपूर्व माना जा सकता है। विश्वविद्यालय स्तर पर भी जब कोई छात्र या शोधकर्त्ता नया मॉडल विकसित करता है, तो सबसे पहले विश्वविद्यालय का रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट या इंटेलैक्चुअल प्रॉपर्टी सैल उसकी जांच करता है। यदि मॉडल सभी मानकों पर खरा उतरता है, तभी उसे पेटेंट प्रदान किया जाता है। इस स्थिति में यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि संबंधित मॉडल को पेटेंट या सरकारी तकनीकी मान्यता प्राप्त थी या नहीं। यदि किसी तकनीक को राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो सामान्यतरू मिनिस्ट्री ऑफ इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी तथा साइंस एंड टैक्नोलॉजी विभाग जैसे संस्थान उसकी तकनीकी प्रामाणिकता की जांच करते हैं। यदि यह जांच पूरी तरह नहीं हुई और केवल संस्थान के दावे के आधार पर उसे राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर दिया गया, तो यह संस्थागत समन्वय की कमी को दर्शाता है। इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय मंच केवल तकनीकी प्रदर्शन के लिए नहीं होते, बल्कि वे देश की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे मंचों पर प्रस्तुत हर तकनीक केवल एक मॉडल नहीं होती, बल्कि वह देश की वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक बन जाती है। यदि उसमें किसी प्रकार की विसंगति सामने आती है, तो उसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर देश की छवि पर पड़ता है। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब भारतीय वैज्ञानिक और इंजीनियर विश्व की अग्रणी तकनीकी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमता, रोबोटिक्स और मशीन लघ्नग के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन तकनीकी नेतृत्व केवल नवाचार से नहीं, बल्कि उसकी प्रामाणिकता और पारदर्शिता से भी स्थापित होता है।यदि यह केवल विश्वविद्यालय स्तर की प्रस्तुति थी, तो इसे उसी स्तर तक सीमित रखना चाहिए था।

# इतिहास गवाह है कि ईरान को जीतना आसान नहीं है


गुलफिशा खान

आशंकाएं जताई जा रही हैं कि अगले कुछ दिनों में अमेरिका ईरान के ऊपर हमला शुरू कर सकता है। इस तनाव के बीच बीते गुरुवार सुबह को ईरान में ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए। ईरान में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद चर्चाएं शुरू हो गईं कि कहीं ईरान ने परमाणु परीक्षण तो नहीं कर दिया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) के मुताबिक, ये भूकंप ईरान के दक्षिणी इलाके में आया। इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र फारस प्रांत के मोहर (डवीत) कस्बे से करीब 35 किलोमीटर दूर करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने एक अलग रीडिंग जारी की, जिसमें ईरान में आए भूकंप की तीव्रता 4.4 बताई गई। वहीं ईरान की तरफ से इस बारे में कुछ नहीं बताया गया। जबकि इस सबके विपरीत अमेरिका ने ईरान की घेराबंदी कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में अपनी बड़ी सेना तैनात कर दी है। विमान वाहक युद्धपोतों के अलावा जंगी जहाज, लड़ाकू विमान और हवा में ईंधन भरने वाले विमान भी भेजे जा चुके हैं। आशंका है कि अगले कुछ दिनों में ईरान पर हमला शुरू हो सकता है, बस ट्रंप के आदेश का इंतजार है। हालांकि ये भी कड़वा सच है कि अमेरिका ईरान पर हवाई हमले ही कर सकता है, जमीनी हमला करना लगभग नामुमकिन है। आइए इस आलेख के माध्यम से हम आपको यह बताते हैं, ऐसा क्यों है? गौरतलब है कि ईरान दुनिया का 17वां सबसे बड़ा देश है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी ताकत उसका भूगोल है। ईरान एक प्रा.तिक किले की तरह है, जो तीन तरफ से ऊंचे




पहाड़ों और चौथी तरफ गहरे समुद्र से घिरा हुआ है। देश के बीच में विशाल बंजर रेगिस्तान है, जो किसी भी बाहरी सेना के लिए काल साबित हो सकता है। ईरान के ऊंचे पर्वत, गहरी घाटियां और सीमाएं उसकी प्रा.तिक सुरक्षा ढाल का काम करती हैं। इतिहास गवाह है कि ईरान को जीतना कितना मुश्किल रहा है। सदियों पहले केवल मंगोल ही उसे फतह करने में कामयाब हो सके थे। उन्होंने भी ईरान के उत्तर–पूर्वी हिस्से से घुसपैठ करके यह जीत हासिल की थी। ओटोमन साम्राज्य की ताकतवर सेनाएं भी जाग्रोस पर्वत श्रृंखला में कुछ अंदर तक पहुंचीं, लेकिन कभी भी फारस के मध्य हृदय–क्षेत्र में प्रवेश करने की हिम्मत नहीं कर सकीं। ईरान की पहचान सबसे ज्यादा उसके पहाड़ों से होती है, जो उसकी सीमाओं और प्रमुख शहरों को सुरक्षित रखते हैं। ईरान की सबसे महत्वपूर्ण पर्वत श्रृंखला ज़ाग्रोस है। यह काकेशस पर्वतों का दक्षिणी विस्तार है और लगभग 900 मील (1448 किमी) तक लंबी हैं। ये तुर्की, आर्मेनिया से लगी उत्तर–पश्चिमी सीमा से लेकर दक्षिण–पूर्व में बंदर अब्बास और होर्मुज़ जलडमरूमध्य तक फैली हुई हैं। ये पहाड़ इतने ऊंचे और दुर्गम हैं कि यहां टैंकों और भारी हथियारों के साथ जमीनी सेना का आगे बढ़ना लगभग नामुमकिन है। जाग्रोस के अलावा ईरान एल्बुरज और कोपेट डाग पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा है, जो इसे एक सुरक्षा घेरे में रखती हैं। ईरान के बड़े शहर इन्हीं पहाड़ों के पीछे या ऊंचाइयों पर बसे हैं, जो उन्हें सीधी जमीनी पहुंच से दूर रखते हैं। समुद्री रास्ते की बात करें तो ईरान की करीब 800 मील लंबी तटरेखा है। इसमें से आधा हिस्सा फारस की खाड़ी और आधा ओमान की खाड़ी के किनारे है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेना है, लेकिन ईरान के तटों पर उतरना आसान नहीं है। दक्षिण में इराक की सीमा के पास शत्त अल–अरब का इलाका बेहद दलदली है। 1980 के दशक में सद्दाम हुसैन ने इसी रास्ते से हमला किया था, लेकिन उनकी सेना दलदल में फंसकर धीमी पड़ गई थी। मिडिल ईस्ट में मौजूदा तनाव की बात करें तो अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद पहली बार इतनी बड़ी वायुसेना मिडिल ईस्ट में तैनात की है। अमेरिकी नौसेना के 13 युद्धपोत जिनमें विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और यूएसएस गेराल्ड फोर्ड शामिल हैं, ईरान के करीब पहुंच चुके हैं। इनके साथ एफ–22, एफ–35 जैसे 50 से अधिक आधुनिक लड़ाकू विमान और गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर भी तैनात हैं। अमेरिका की इतनी भारी तैयारी को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मिडिल ईस्ट में कभी भी जंग छिड़ सकता है।

# चुनावी राज्यों में कांग्रेस को "अपनों" से ही ख़तरा


फरीद वारसी

असम में कुछ महीनों बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की, उन्हें मनाने की कोशिश की। प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मीडिया के सामने घोषणा तक कर दी कि भूपेन बोरा अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं। जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा था कि राहुल गांधी ने फोन पर भूपेन बोरा से बात की है। जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा वापस लेने का फैसला किया। लेकिन इसके विपरीत असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा से मुलाकात की। मालूम हो कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा गुवाहाटी के घोरमारा इलाके में बोरा के आवास पर पहुंचे, जहां उनकी पत्नी और बेटे ने मुख्यमंत्री की आरती की और स्वागत किया। मुलाकात के बाद असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि भूपेन बोरा 22 फरवरी यानी आज भाजपा ज्वाईन करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि असम में कांग्रेस के आखिरी मान्यता प्राप्त हिंदू नेता ने कांग्रेस छोड़ दी है। उन्हें भाजपा में पूरा सम्मान मिलेगा। उनके शामिल होने से भाजपा मजबूत होगी। कांग्रेस अब असम की पार्टी नहीं रही। भाजपा आसानी से सरकार बनाएगी, हम पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस को कितने वोट मिलेंगे, इस पर मुझे कोई ध्यान नहीं है। जहां तक भूपेन बोरा का सवाल है तो भूपेन बोरा 35 साल से कांग्रेस में थे, उनकी गिनती कद्दावर नेताओं में होती थी। अब उन्होंने पार्टी छोड़ने की एक बड़ी वजह पार्टी सांसद रकीबुल हुसैन को बताया है। भूपेन बोरा ने आरोप लगाए कि रकीबुल के हाथों में असम कांग्रेस की कमान है। गौरव गोगोई केवल चेहरा भर हैं। यहां पर यह जानना जरूरी है कि रकीबुल हुसैन कौन हैं और वो भूपेन बोरा के निशाने पर क्यों हैं? रकीबुल धुबरी से सांसद हैं और पूर्व में तरुण गोगोई सरकार में मंत्री रह चुके हैं। असम में उनकी पहचान कांग्रेस के सबसे कद्दावर मुस्लिम नेता की है। बीते लोकसभा चुनाव में रकीबुल हुसैन ने धुबरी सीट पर AIUDF के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल को दस लाख से ज़्यादा वोटों से हराया। रकीबुल की जीत 2025 के लोकसभा चुनाव की सम्भवतः पूरे देश में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले धुबरी से बदरुद्दीन अजमल लगातार 3 बार से जीत रहे थे। मीडिया के






साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में भूपेन बोरा ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। बोरा के मुताबिक, रकीबुल हुसैन ने उनके खिलाफ पार्टी में अभियान चलाया और उन्हें हाशिए पर डाल दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गौरव गोगोई हमेशा रकीबुल हुसैन का समर्थन करते रहे हैं। बोरा ने कहा कि गौरव गोगोई ने हर समिति और हर निर्णय लेने वाली प्रक्रिया में रकीबुल हुसैन को आगे बढ़ाया। सांसद बनने से पहले रकीबुल हुसैन नौगाँव जिले की समागुड़ी विधानसभा सीट से 2001 से 2024 तक यानी 23 साल तक विधायक रहे। सांसद बनने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने उनके बेटे तंजील हुसैन को टिकट दिया लेकिन वो अपने पिता की 5 जीत के सिलसिले को क़ायम नहीं रख पाए। गौरतलब है कि इसी साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं जिसमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी है। कांग्रेस इनमें से केरल में बहुत अच्छा करने की उम्मीद कर रही है, तमिलनाडु और पुडुचेरी में डीएमके के साथ उसको लगता है कि उनकी नैया पार हो जाएगी, असम में एक युवा गौरव गोगोई को कमान सौंपी है कि शायद वो कुछ आश्चर्यजनक परिणाम ले आएं जबकि पश्चिम बंगाल में इस बार कांग्रेस एकला चलो रे की नीति अपनाई है, वहां ममता बनर्जी के सामने भाजपा की लड़ाई है। अब तमिलनाडु की बात करते हैं, वहां पर कांग्रेस के कुछ नेता डीएमके पर दबाव बनाने के लिए पिछले कई दिनों से बयान दे रहे हैं जिसमें बार–बार सत्ता में भागीदारी की बात कही जा रही है। इससे डीएमके नेतृत्व काफी खफा बताया जा रहा है। डीएमके के एक नेता ने कहा कि जब तक कांग्रेस मणिकम टौगोर और प्रवीण चक्रवर्ती के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती, डीएमके नेतृत्व कांग्रेस से बात नहीं करेगी। डीएमके को लगता है कि बिना आलाकमान की मूक सहमति के ये नेता इस तरह की बयानबाजी नहीं कर सकते हैं। इसके बाद तमिलनाडु कांग्रेस के अध्यक्ष के. सेलवापूरनथगई ने कहा कि इन नेताओं की बयानबाजी के पीछे एआईसीसी यानी कांग्रेस नेतृत्व का कोई शह नहीं है और उन्होंने एक कमिटी बना दी है जो डीएमके नेताओं के साथ शुरूआती दौर की बातचीत करेंगे और अंतिम फैसला स्टालिन, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी करेंगे। अब केरल की बात करते हैं, वहां सबकुछ ठीक–ठाक चल रहा है, शशि थरूर को भी मना लिया गया है, स्थानीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है मगर अभी भी वहां मुख्यमंत्री के कई दावेदार हैं। हाल में ही शशि थरूर को कांग्रेस आलाकमान ने कैंपेन कमिटी का सह–चेयरमैन नियुक्त किया है जबकि चेयरमैन रमेश चेन्निथला हैं। अब कहा जा रहा है कि इस नियुक्ति के बाद शशि थरूर भी मुख्यमंत्री के रेस में शामिल हो गए हैं। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री पद पर उलझन को देखकर कांग्रेस आलाकमान ने कहा है कि कांग्रेस सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगा और मुख्यमंत्री का फैसला बाद में होगा। अब बात करते हैं पश्चिम बंगाल का जहां कांग्रेस ने अभी हाल में ही अधीर रंजन चौधरी को हटा कर नया अध्यक्ष बनाया है जिनका नाम है शुभंकर सरकार। अधीर रंजन चौधरी ममता बनर्जी के हमेशा खिलाफ रहे और वामदलों के साथ मिलकर तृणमूल से लड़ते रहे, मगर इस बार कांग्रेस ने तय किया है कि वो पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी। वैसे भी वहां कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, उसके पास एक भी विधायक नहीं है। कहने का मतलब है हर वो राज्य जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, कांग्रेस के अंदर अंदरूनी कलह है। कहीं पार्टी के अंदर तो कहीं सहयोगी दल से। सबको मालूम है कि हरियाणा में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा की लड़ाई में पार्टी का क्या हुआ। यही हाल छत्तीसगढ़ का रहा जहां भूपेश बघेल और टी. एस. सिंहदेव एक दूसरे को ही हराने में लगे रहे और राजस्थान में गहलोत और पायलट की जंग तो ऐतिहासिक है, और इस सब का खामियाजा कांग्रेस को उठाना पड़ा, हर जगह कांग्रेस हार गई।

# आखिरकार, एकता लाने की कोशिश कर रहा है ट्रांस अटलांटिक अलायंस

अंजन रॉय

वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम का दावोस में दुनिया के नेताओं, राजनीतिक और कॉर्पोरेट, दोनों की मुलाकात, एक जाना–माना इवेंट बन गया। हालांकि, पिछले हफ्ते एक और भी जरूरी और निश्चित रूप से बहुत प्रतिष्ठित मीटिंग हुई। यह म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी) है जो 13 से 15 फरवरी को इसी नाम के जर्मन शहर में हुई। सालाना म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी),जो दुनिया भर में सबसे प्रभावशाली और हाई डेसिबल सिक्योरिटी सर्किट प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, ने सहयोगी अमेरिका और यूरोप के बीच एक तरह का मेल–मिलाप देखा है। अगर पिछले साल का एमएससी एक तरह का तबाहकुन और बुरी तरह से हुआ इवेंट था, तो इस साल के एमएससी को ज़्यादा दोस्ताना मौके के रूप में दिखाने की कोशिश की गई। पिछले साल की कॉन्फ्रेंस में, अमेरिका के उप–राष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने यूरोपीय श्रोताओं को अपनी रक्षा जरूरतों का ध्यान रखने में पूरी तरह विफल होने की कुछ स्पष्ट याद दिलाकर हैरान कर दिया था। वैंस ने यूरोप को यह भी याद दिलाया था कि वह अपनी सोच और नीति से सभ्यतागत भ्रम के करीब है। वैंस के उस भाषण के बाद, एक साल तक यूरोपीय और अमेरिकी, जो द्वितीय विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद से सबसे करीबी साथी थे, अलग–अलग हो गए थे। अमेरिका ने धमकी दी थी कि अमेरिकन अब यूरोप की रक्षा का खर्च नहीं उठाएंगे। इस साल की कॉन्फ्रेंस में, अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, मार्को रुबियो ने ज़्यादा सुलह वाली बात कही, और कहा कि अमेरिका और यूरोप एक साथ हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अमेरिका यूरोप का बच्चा है। पिछले साल जेडीवैंस की कड़ी फटकार के बाद रुबियो का भाषण यूरोपीय लोगों के लिए सुकून देने वाली थी। शायद वैलेंटाइन डे पर, मार्को रुबियो उस महादेश को अलग–थलग नहीं कर सकते थे जिसे कभी श्मदर कंट्रीश कहा जाता था। लेकिन रुबियो ने यह भी ध्यान से बताया कि यूरोप को अपने जीवनमूल्य कृसभ्यतागत सम्पर्ककृ को रीसेट करना चाहिए, जिसने दोनों को एक साथ जोड़ा था। रुबियो ने आगे आकर कहा कि अमेरिका यूरोप का बच्चा है। आखिर, यूरोप के बिना अमेरिका क्या है कृ इसका 250 साल से ज़्यादा का इतिहास नहीं है, इसके पूर्व का कोई लेखन नहीं है, न ही इसके पास यूरोपीय वास्तुकला या संगीत है या यहां तक कि युद्धों का इतिहास भी। ये अमेरिकी, ट्रंप, वैंस, रुबियो और उनके जैसे लोग यूरोपीय विरासत को भी अपना मानते हैं, और वे उस विरासत को बचाना चाहते हैं, यह देखते हुए कि यूरोप की मुख्यभूमि में बड़े पैमाने पर मुस्लिम हमले के कारण यह खतरे में था। किसी भी आईवी लीग यूनिवर्सिटी के इतिहास के पाठ्यक्रम पर गौर करें तो आप पाएंगे कि यूरोपीय राजनीतिक इतिहास, यूरोपीय सामाजिक विकास और यहां तक कि यूरोपीय साम्राज्य भी वे अध्ययन हैं जो वे बहुत बारीकी से देते हैं। येल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डोनाल्ड कगन, जो ग्रीक इतिहास के जाने–माने जानकार हैं, गर्व से कहते हैं कि यूरोप की लोकतांत्रिक परंपरा सीधे ग्रीस से आई है। रोमन वास्तुकला पर व्याख्यान श्रृंखला में इटली और रोम की पुरातात्विक स्थलों का अध्ययन किया जाता है, खासकर हथेली के पिछले हिस्से की तरह हर बचे हुए पुरातात्विक अवशेष की व्यापक रूप से जांच की जाती है और उन्हें जानकर आप शायद रोम के सबसे अच्छे गाइड बन जाएंगे। रोमन और ग्रीक खंडहरों के वास्तुकला सैंपल को अमेरिका के सुपर–रिच और मशहूर लोगों के नए घरों में बड़े चाव से कॉपी किया गया है। एक खूबसूरत वास्तुकला के रूप में, जिसे पास के वेसुवियस से ज्वालामुखी की राख की एक परत से ढककर पोम्पेई में बेदाग रखा गया था, पॉलगेटी के घर में ईमानदारी से कॉपी किया गया था। अमेरिकी अपने श्वेत प्रजातीय श्रेष्ठता के दर्शन कोकृ यूरोपीय भाषा में इसे यूरोपियन सुप्रीमेसी कहते हैंकृ यूरोप के देशों में निर्यात करने की कोशिश कर रहे हैं। यही वह चीज है जो ट्रंप जैसे अमेरिकी फैलाना चाहते हैं। कुछ लीडर ऐसे हैं जो पहले से ही अपने आप में थोड़ा नरम रूख के हो चुके हैंकृ जैसे हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान या स्लोवाकिया के राष्ट्रपति। कुल मिलाकर, मार्को रुबियो यूरोप के उदार देशों के नजरिए में बुनियादी अंतर पर ही टिके रहे, जैसा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और दूसरे लोग दिखाते हैं। अमेरिकी जीवनमूल्य, यानी ईसाई धर्म, यूरोप की विरासत का शर्म के बजाय सम्मान, और सबसे बढ़कर, आप्रवासियों पर रोक लगाने जैसे कदमों में बदल गया ताकि अमेरिकियों ने जिसे यूरोप का श्सभ्यता का खत्म होनाश् कहा था, उसे रोका जा सके। ये जीवन मूल्य भले ही सत्ताधारी अमीर लोगों के लिए थोड़ी दूर की हों, लेकिन यूरोप के दक्षिणपंथी विपक्षी नेताओं के लिए बुनियादी आधार थीं। इस तरह अमेरिकियों और यूरोपीय लोगों के बीच अपनी–अपनी पुरानी सोच को लेकर अंतर साफ बना हुआ है, हालांकि मार्को रुबियो के भाषण में इन्हें अमेरिकी उपराष्ट्रपति के कड़े और झटकेदार लहजे की तुलना में नरम और दिलासा देने वाले तरीके से कहा गया था। यह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और पारंपरिक अमेरिका के बीच का फर्क था, न कि यूरोप में किसी बदलाव का। फिर भी, अमेरिकियों ने इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय अपनी सुरक्षा की ज़्यादा जिम्मेदारी खुद लें, न कि इसे पूरी तरह से अमेरिकियों को आउटसोर्स करें। यह रिश्ते के लेन–देन वाली प्रकृति की याद दिलाती थी, जहां पुराने महाद्वीप से ज़्यादा जिम्मेदारी लेने की उम्मीद थी। अमेरिका के खर्च उठाने के बजाय, वे अपनी सुरक्षा के लिए ज़्यादा मेहनत करेंगे। इस हार से कई तरह से यूरोप का भी भला हुआ है। यूरोपीय देश बुरी तरह हिल गए हैं और अमेरिकियों पर निर्भर रहने की पुरानी मानसिक आदतों से हटकर अपनी सोच बदल रहे हैं। नए हालात में ब्रिटेन के सर कीर स्टारमर ने लगभग दस साल पहले इंटीग्रेटेड यूरोपियन कॉमन मार्केट से बाहर निकलने के बाद यूके और यूरोपियन यूनियन के बीच ज़्यादा जोरदार वापसी की बात कही है। ब्रिटेन ने ईयू से खुद को बांधने के बजाय बाकी दुनिया के साथ जुड़ने का विचार रखा था। दूसरे यूरोपियन भी अब अमेरिका के सहयोग के दायरे से बाहर, आपस में ज़्यादा सहयोग की बात कर रहे हैं। यूरोपियन कॉमन आर्मी और यूरोपीय देशों के बीच जॉइंट कमांड की भी बात चल रही है। अगर कुछ है, तो वह है ट्रंप की ग्रीनलैंड को अपने में मिलाने की बात, और अगर इस मकसद के लिए मिलिटरी विकल्प की जरूरत पड़ी तो इस्तेमाल करने की धमकी ने यूरोपियन देशों को उत्साहित किया है। बेशक, आखिर में, रूस ने यूरोपीय लोगों में डर पैदा कर दिया था और उन्हें एहसास हो गया था कि यह महादेश रूसी आक्रमण के लिए कितना कमजोर है। रूसोफोबिया को जिंदा रखने के लिए, यूरोपीय लोगों ने आज रूसी विपक्षी नेता, एलेक्स नलवाल्नी की हत्या के बारे में एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी करना इसका एक उदाहरण है। उन्होंने पुष्टि की थी कि दो साल पहले साइबेरिया की एक जेल में कैद रूसी विपक्षी नेता को मारने के लिए साउथ अफ्रीकन डार्टफ्रॉग पॉइजन का इस्तेमाल किया गया था।

# फुलरुवा में आज लगेगा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख (सीतापुर)ओम साईं ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत फुलरुवा में एक विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी 2026 (रविवार) को ग्राम पंचायत भवन में आयोजित होगा।शिविर सुबह 10रू00 बजे से दोपहर 01रू00 बजे तक चलेगा। शिविर में डॉ. सतेंद्र सिंह (नेत्र परीक्षक, लखनऊ) एवं डॉ. रंजीत सिंह (नेत्र सर्जन) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच की जाएगी तथा चयनित मरीजों का आईओएल (लेंस) विधि से निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। पंचायत सहायक बृजेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित मरीजों के लिए आना–जाना, रहने एवं खाने की व्यवस्था, दवाइयां तथा ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क रहेगा।आयुष्मान कार्ड धारकों को विशेष चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।ऑपरेशन के इच्छुक मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड एवं राशन कार्ड की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा चालू मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा।आयोजक ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जिन लोगों को आंखों से धुंधला दिखाई देता है या मोतियाबिंद की समस्या है, वे इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए 9198268977 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुस्लिम महीला ने निभाया पिता का वचन, भरा भाईचारे का भात

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर ।( नजीबाबाद ) गांव गाजीपुर कुतुब में जन्मीं अकूरन ने अपने पिता का वचन निभाने के लिए भतीजी अकबरी और परिवार के अन्य महिला–पुरुष सदस्यों के साथ ब्रजेश देवी पत्नी सोमपाल सिंह के बेटे शैंकी के विवाह में भात भरा। ब्रजेश देवी ने घर की दहलीज पर उनकी आरती उतारी। दिन में भात की रस्म निभाने के बाद शाम को सभी ने अपने घर पहुंचकर रोजा इतारी की। बिजनौर के मोहल्ला नवाब का अहाता में रहने वाले सोमपाल सिंह गांव शादीपुर के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी ब्रजेश देवी का मायका ग्राम गाजीपुर कुतुब का है। ब्रजेश देवी का कोई भाई नहीं है। पिता चतर सिंह की गांव के ही अल्लादिया से गहरी दोस्ती थी। कई साल पहले दोनों की मौत हो चुकी है। अपने जीवित रहते दोनों दोस्त अपने परिवार के सदस्यों से कह गए थे कि आपसी संबंधों को आगे भी बरकरार रखें। बृहस्पतिवार को ब्रजेश देवी के पुत्र शैंकी का विवाह था। पिता की बात का मान रखते हुए अल्लादिया की पुत्री अकूरन अपनी भतीजी अकबरी, भतीजे शाकिब व परिवार की अन्य महिलाओं के साथ भात की रस्म निभाने पहुंची। घर की दहलीज पर ब्रजेश देवी ने उनकी आरती उतारी। भात में उन्होंने परिजनों को कपड़े और नकदी दी। कार्यक्रम में आए सभी सदस्यों का रोजा था इसलिए दिन में उन्होंने यहां कुछ नहीं खाया–पिया।

# दस दिन से लापता मिस्त्री का शव तालाब में मिला छेत्र में हलचल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर ।( धामपुर ) दस दिन से लापता अरशद (50) का शव शुक्रवार को गांव बगदाद मार्ग पर स्थित तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह साफ नहीं हो पाई है। मृतक की बहन खुर्शीदा, गुलनाज, सलज फरजाना ने बताया कि नई बस्ती पुराना धामपुर निवासी अरशद सुभाष मूर्ति के निकट मैकेनिक की दुकान करता था। अरशद 10 फरवरी को बस मालिक विकास कुमार की शादी में शामिल होने के लिए घर से गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा। अरशद की पत्नी शबाना ने पुलिस में 12 फरवरी को पति के गुम होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को अरशद का शव बगदाद अनुसार मार्ग स्थित सड़क किनारे तालाब में उतराता मिला। उसका शव पानी में सड़–गल चुका था। उसके शरीर पर किसी प्रकार के चोट आदि के कोई निशान नहीं मिले हैं। जैसे ही मृतक अरशद के परिजनों को शव मिलने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे। शव की शिनाख्त अरशद के रूप में होने पर परिजन गमजदा हो गए। मृतक की बहन खुर्शीदा और फरजाना ने बताया कि मृतक अरशद चार भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। शराब का आदी था। मना करने पर भी नहीं परिवार के लोगों की नहीं मानता था। मृतक अरशद दो पुत्री एवं एक पुत्र का पिता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि मृतक के परिजन पुलिस से बगैर किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपनी सुपुर्दगी में लेने की पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाते रहे। सीओ अभय कुमार पाण्डेय का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही लग पाएगा।

# शिक्षामित्रों के नियमितीकरण का भी रास्ता बनाकर स्थायी समाधान निकालना होगारू गुड्डू सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। विधान सभा मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों का मानदेय ध्10000 से बढ़ाकर ध्18000 कर दिया है जिसके लिए टेट पास शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षकधशिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश की जनपद कार्यकारिणी सीतापुर के समस्त शिक्षामित्रों की ओर से , बेसिक शिक्षामंत्री संदीप सिंह एवं सभी सांसदों विधायकों का तहेदिल से धन्यवाद करते हैं। साथ ही महाकुंभ 2025 में प्रदेश के सभी जनपदों से टेट पास शिक्षामित्रों द्वारा की गई निःशुल्क सेवा सहायता तथा संगठन द्वारा इकोगार्डन लखनऊ में 24 दिवसीय मुख्यमंत्री से की गई प्रार्थना को मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए जो दया दिखाई है उसके लिए इस प्रार्थना में सम्मिलित उपस्थित सभी शिक्षामित्र भाई , बहनों एवं बच्चों का तहेदिल से आभार है। इस मानदेय बढ़ोत्तरी से बढ़ती महगाई मे शिक्षामित्रों को अवश्य कुछ राहत जरूर मिलेगी। पिछले 9 वर्षों से एक भी रूपये की बढ़ोतरी न होने से आर्थिक रूप से कमजोर हो गए शिक्षामित्र की मानदेय वृद्धि से आर्थिक समस्या मे कुछ सुधार संभव है। प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा हमे आशा ही नहीं वरन अपने हृदय सम्राट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूर्णविश्वास है कि जिस तरह समस्त शिक्षामित्रों के मानदेय मे वृद्धि की गई है उसी प्रकार तजम बज 2009 , छम्ब्म 2020 और छब्ज्म् के मानक पूरा करने वाले योग्यताधारी टेट सीटेट पास शिक्षामित्रों के नियमितीकरण का भी रास्ता बनाकर स्थायी समाधान निकालेंगे । प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह सहित जिला संरक्षक धर्मेंद्र पांडेय ,जिलाध्यक्ष शालिनी शुक्ला , जिला महामंत्री राजेश यादव , वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल पांडेय संगठन मंत्री विजय भट्ट , ब्रज किशोर शुक्ला , जी के कमल, नूतन अवस्थी , भानू सिंह , अवधेश , अजीमुल्ला, विवेक सिंह , बी पी मौर्या एवं समस्त शिक्षामित्र मानदेय वृद्धि का सहर्ष स्वागत करते हैं और हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

# शिक्षामित्रों की ऐतिहासिक जीतः कैशलेस चिकित्सा सुविधा और ध8000 मानदेय वृद्धि पर मुख्यमंत्री का आभार।।।

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्रों की बहुप्रतीक्षित मांगों. कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं ध8000 मानदेय वृद्धि.को स्वी.ति दिए जाने पर जनपद सीतापुर के शिक्षामित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से लंबित इन मांगों के पूर्ण होने से हजारों शिक्षामित्र परिवारों को बड़ी राहत मिली है। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन, जनपद सीतापुर के जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला ने समस्त शिक्षामित्र साथियों की ओर से मुख्यमंत्री जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के संघर्ष, धैर्य और सरकार की



संवेदनशीलता का सकारात्मक परिणाम है। श्री शुक्ला ने बताया कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने से शिक्षामित्रों और उनके परिजनों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं ध8000 की मानदेय वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति सु.ढ़ होगी और परिवार के भरण–पोषण, बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि माननीय मुख्यमंत्री जी भविष्य में भी शिक्षामित्रों के हित में इसी प्रकार संवेदनशील निर्णय लेते रहेंगे और समय–समय पर नई कल्याणकारी योजनाएं लागू करेंगे। जिले के शिक्षामित्रों ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि यह कदम शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

संतोष मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षा मित्र संघ खैराबाद ने मुख्यमंत्री के।इस फैसले पर खुशी जताते हुए अपने सहकर्मियों को मिठाई खिलाई।और कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा मित्रो की पीड़ा को समझा आओर उसक निराकरण भी किया आगे भी मुख्यमंत्री जी से आशा है कि वो हमारी स्थित को और बेहतर बनाए जाने के लिय कारगर उपाय करेंगे

# सरकारी सड़क पर नगर पंचायत का 'अवैध' कब्जा -लेखपाल ने पोर्टल पर लगाई फर्जी आख्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस और भू–माफियाओं पर नकेल कसने के दावों को लखीमपुर तहसील के राजस्व कर्मी ही ठेंगा दिखा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम पट्टी जयद्रथ और खीरी टाउन का है, जहाँ सरकारी अभिलेखों में दर्ज श्सड़कश की भूमि पर अवैध निर्माण का आरोप लगा है। पीड़ित ने जब प्ळत्ै पोर्टल पर शिकायत की, तो लेखपाल ने मौके पर सीमांकन करने के बजाय घर बैठे ही रिपोर्ट लगाकर खानापूर्ति कर दी। क्या है पूरा मामला? खीरी टाउन निवासी रोहित कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार अवस्थी ने मुख्यमंत्री पोर्टल (प्ळत्ै संख्या – 40015326002559) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, ग्राम पट्टी जयद्रथ की गाटा संख्या 130, 131, 132 और ग्राम खीरी की गाटा संख्या 30.जो कि सरकारी भूमि और सड़क के रूप में दर्ज हैं.पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि नगर पंचायत खीरी द्वारा गाटा संख्या 132 और 30 (सड़क) पर अवैध रूप से रामलीला पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। लेखपाल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल पीड़ित रोहित कुमार का आरोप है कि 17 फरवरी को क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई। लेखपाल ने प्रार्थी के आवास पर आकर ष्प् कार्य की व्यस्तता का हवाला दिया और बिना टीम के सीमांकन करने से मना कर दिया। लेखपाल ने प्रार्थी के साथ सेल्फी ली और स्पाट मेमो पर हस्ताक्षर कराए। मौके पर लेखपाल ने खुद स्वीकार किया कि सड़क की भूमि पर निर्माण अवैध है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पोर्टल पर शिकायत के विरुद्ध गलत आख्या (रिपोर्ट) लगाकर मामला रफा–दफा कर दिया। अवैध निर्माण रुकवाने की मांग पीड़ित ने अब जिलाधिकारी और उप–जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि सड़क की भूमि पर हो रहे इस अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाया जाए। साथ ही, भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले राजस्व कर्मी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं और सरकारी जमीनों पर ही अवैध कब्जे होने लगें, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे।

# पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय कनियारीपूर का शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। कोपागंज मऊ आज मऊ जनपद के शिक्षा क्षेत्र कोपागंज के अन्तर्गत पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय कनियारीपूर कोपागंज मऊ का बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए आज मऊ जनपद के कोपागंज ब्लाक में रामजन्म पब्लिक स्कूल कोपागंज को चुना गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण को पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कनियारीपूर के प्रधानाचार्य संजय कुमार जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों में शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बच्चे शैक्षणिक भ्रमण करके उस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को देखते हुए सीखने की कोशिश करेंगे। शैक्षणिक




भ्रमण पर आए बच्चों को स्वागत करते हुए रामजन्म पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य जी ने कहा कि हम लोग बहुत भावुक हुए कि पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कनियारीपूर कोपागंज के छात्र छात्राओं ने हमारे विद्यालय को चुना है मैं आभारी हूं कि पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार जी ने हमारे विद्यालय में अपने विद्यालय के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर लेकर आए। आज रामजन्म पब्लिक स्कूल में पहुंचे पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कनियारीपूर कोपागंज के प्रधानाचार्य जी ने कहा कि इस विद्यालय में शिक्षा क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिसके वजह से शिक्षा विभाग द्वारा जारी गया कि रामजन्म पब्लिक स्कूल की शिक्षा क्षेत्र में पढ़ाई चल रही है। इस विद्यालय में सभी प्रकार से शिक्षा प्रदान करती है। इस अवसर पर पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कनियारीपूर कोपागंज मऊ के प्रधानाचार्य संजय कुमार जी ने कहा कि बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# घटिया निर्माण से खुली भ्रष्टाचार की परतें, ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु दीक्षित सस्पेंड

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विकास खंड परसेंडी की ग्राम पंचायत देना स्थित कंपोजिट विद्यालय में निर्माणाधीन एमडीएम शेड में घटिया निर्माण का मामला अब सीधे भ्रष्टाचार से जुड़ता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो के बाद हुई प्रशासनिक जांच में मानकों की खुली अनदेखी सामने आई, जिसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वायरल वीडियो से खुला खेल 19 फरवरी 2026 को एमडीएम शेड में बच्चों के बैठने की सीटों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब मिली। जांच में सामने आईं गंभीर गड़बड़ियां स्लैब में मानक से कम मोटाईरू प्राक्कलन में 08 गेज निर्धारित था, जबकि कई स्थानों पर 04.05 मिमी पाया गया। ईंट व सपोर्ट कार्य में कमीरू सपोर्ट कमजोर होने से स्लैब का स्पैन बढ़ा और भार पड़ते ही दरारें दिखीं। प्लास्टर में अनियमिततारू 1रू4 अनुपात के बजाय कमजोर प्लास्टर, जो हाथ लगाने पर झड़ रहा था। सतही दिखावारू ऊपर से साफ–सफाई कर काम को सही दर्शाने की कोशिश। करीब 5.46 लाख से अधिक रुपये की लागत से बन रहे इस एमडीएम शेड को गुणवत्ता खराब पाए जाने पर जांच के दौरान जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया था। भ्रष्टाचार की बू क्यों? विशेषज्ञों का मानना है कि निर्माण में मानकों से इतनी बड़ी चूक बिना मिलीभगत संभव नहीं। प्राक्कलन के विपरीत सामग्री का उपयोग, कमजोर पर्यवेक्षण और भुगतान की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बच्चों के मध्याह्न भोजन जैसी संवेदनशील योजना में घटिया निर्माण न केवल सुरक्षा से खिलवाड़ है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर भी संकेत करता है। जिम्मेदारी तय, कार्रवाई शुरू प्रारंभिक जांच में पर्यवेक्षण में लापरवाही और



गुणवत्ता नियंत्रण में शिथिलता पाई गई। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर अनियमितता मानते हुए संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ निलंबन के साथ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने साफ किया है कि यदि जांच में वित्तीय अनियमितता या धन के दुरुपयोग के ठोस प्रमाण मिलते हैं तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बड़ा सवालरू बच्चों की सुरक्षा और सरकारी धन से जुड़े इस मामले में क्या सिर्फ निलंबन ही पर्याप्त है, या भ्रष्टाचार की जड़ तक पहुंचकर व्यापक कार्रवाई होगी ?

# मनरेगा में हाजिरी को लेकर विवाद -काम कर रहे श्रमिक, पर उपस्थिति दर्ज कराने से इनकार।

न्यूज वाणी ब्यूरो

गोंदलामऊ सीतापुर(संवाद)। विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत दहेलरा में मनरेगा कार्य के दौरान हाजिरी को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। शारदा नहर से आसिफ खां की बाग तक चकमार्ग पटाई कार्य में संगतिन किसान मजदूर संगठन से जुड़े श्रमिक कार्य तो कर रहे हैं, लेकिन उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे हैं, जिससे मनरेगा नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार उक्त कार्य के लिए 64 श्रमिकों का मास्टर रोल जारी किया गया था। 19 फरवरी को 35 श्रमिक मौके पर पहुंचे थे। अगले दिन पैमाइश के बाद कार्य शुरू हुआ, लेकिन इसके बावजूद श्रमिकों द्वारा उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई। 21 फरवरी को भी हाजिरी दर्ज कराने का प्रयास किया गया, पर श्रमिकों ने उपस्थिति लगाने से इनकार कर दिया। इस बीच ग्राम प्रधान मोहम्मद अहमद ने संगठन से जुड़े श्रमिकों से अपील की है कि वे कार्य के साथ–साथ नियमानुसार अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराएं, ताकि मनरेगा कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी श्रमिकों को समय पर पारिश्रमिक मिल सके। मामले को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर स्थिति स्पष्ट कराने और नियमों के अनुरूप कार्य संचालन की कोशिशें जारी हैं।

# अवैध कब्जे पर चला फिर बुल्डोजर

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर सीतापुर ।बंजर भूमि की गाटा संख्या 1287ध 0.182 हेक्टेयर स्थित ग्राम बेनी सराय परगना लहरपुर जिला सीतापुर जो राजस्व अभिलेखों में बंजर के नाम दर्ज अभिलेख है जिसके आशिक भाग 0.07 हेक्टेयर 600 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण द्वारा अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया था। इस संबंध में लेखपाल राहुल यादव ने बताया कि न्यायालय तहसीलदार लहरपुर व संख्या ज 20 22 10 640 30 35 901 ग्राम सभा बनाम शिवकुमार उत्तर प्रदेश राज्य संहिता 2006 अंतर्गत धारा 67 आदेश दिनांक 29/01/ 24 के क्रम में राजस्व निरीक्षक व पुलिस बल की उपस्थिति में तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण बुलडोजर द्वारा ध्वस्त कर मुक्त कर दिया गया है ।।

# सड़क हादसे में नाबार्ड परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर ।( धामपुर ) फोरलेन पर चकसहजानी के पास पेट्रोल पंप के निकट सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक शिवांकर की मौत हो गई। वह मोटरसाइकिल से मुरादाबाद में नाबार्ड की परीक्षा देने जा रहा था। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक शिवांकर नगीना की आंबेडकर कॉलोनी का निवासी था। उसके ताऊ जयपाल भारती के अनुसार, शनिवार सुबह 6 बजे वह परीक्षा देने के लिए घर से निकला था। परीक्षा सुबह 9रू30 बजे थी। लेकिन धामपुर में चकसहजानी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिवांकर दो भाइयों में बड़ा था और उसका छोटा भाई अभी छह साल का है। मां शीतल ने बताया कि उनका बेटा पढ़ाई में होनहार और आज्ञाकारी था। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अगर वह परीक्षा देने नहीं जाता तो शायद आज जिंदा होता। मृतक के पिता सुरेंद्र भारती नगीना मुख्य डाकघर में पोस्टमैन हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# गुटखा,सिगरेट,पान मसाला पर हो रही कालाबाजारी से छोटे दुकानदार और ग्राहक परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ रायबरेली ।पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की कालाबाजारी जोरों पर है जहां प्रदेश सरकार के नए बजट में इन उत्पादों पर जीएसटी बढ़ोतरी के बाद यह स्थिति सामने आई है। डलमऊ कस्बे के मुराई बाग में तीन से चार ऐसे बड़े होलसेलर हैं जो रखे हुए पुराने स्टॉक के पान मसाला गुटखा और सिगरेट पर भी निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूल रहे हैं। होलसेलर उन्हें तय रेट से ज्यादा कीमत पर बेच रहे हैं। इस कारण छोटे दुकानदारों को भी ग्राहकों से एक–दो रुपये अधिक वसूलने पड़ रहे हैं। ग्राहकों में इसे लेकर भारी रोष है। वहीं छोटे दुकानदारो ने बताया कि मुराई बाग के होलसेलर लोग सिगरेट और कमला पसंद 200 रुपए से लेकर ध250 जबकि राजश्री 160 से 200 रुपए पैकेट रिटेल दुकानदारों को दे रहे हैं। जबकि ग्राहक अब 5 रुपए की राजश्री 7 से 8 रु तो कमला पसंद भी ऐसे बढ़े दामों पर ले रहे है। ऐसे में पूरी ब्लैक मनी होलसेलर अपनी जेब में रखते हैं और इसका खामियाजा रिटेल दुकानदार और ग्राहक को भरना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है सरकार टैक्स बढ़ाती है तो नया माल महंगा बिके लेकिन ये पुराना माल है नया टैक्स तो अभी आया है फिर नया रेट क्यों? उसे क्यों महंगा बेच रहे ? ये तो फिर लूट की जा रही हैं ये साफ कालाबाजारी है।स्थानीय लोगों ये भी कहा कि अगर प्रशासन जल्द ही एक्शन नहीं करता है तो यह काला बाजारी और बढ़ेगी आम आदमी को महंगाई का ज्यादा बोझ उठाना पड़ेगा। इस पर प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# पश्क्सो एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना रूपईडीहा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में फरार आरोपी को गिरतार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी फूलेराम सोनकर (20) निवासी निहालपुरवा को मुखबिर की सूचना पर चिकनिया.पटना कॉलोनी मार्ग के पास से पकड़ा। गिरतारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय सदर बहराइच भेज दिया गया।

# घर में युवक का शव मिलने से हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना रूपईडीहा क्षेत्र के ग्राम चरदा में गुरुवार रात एक 28 वर्षीय युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खुलवाने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिससे घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो




फिरोजाबाद जनपद के विकास भवन स्थित एनआईसी रूम में आज शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (च्डथ्ठल) एवं मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश जी के वर्चुअल संबोधन एवं .षि भवनों के शिलान्यास समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद में भी इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया, साथ ही इस दौरान 30 लाभार्थियों के खाते में 1 करोड 47 लाख 50 हजार रू0 भेजा गया तथा इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के हाथों 10 लाभार्थियों को एनआईसी में चौक भी वितरित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उदय प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री शत्रोहन वैश्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), उप .षि निदेशक श्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह एवं फसल बीमा मैनेजर श्री रवि प्रताप सिंह द्वारा .षकों को योजना की बारीकियों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' (डच्डभ्) अभियान के तहत जनपद के दर्जनों लाभार्थी किसानों को मौके पर ही उनकी फसल बीमा पॉलिसी सौंपी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह पॉलिसी किसानों को बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि एवं अन्य प्रा.तिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से सुरक्षित करेगी। इस दौरान HDFC ERGO की टीम एवं .षि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ रायबरेली। वंडर बॉक्स आंगनवाड़ी कार्यकर्ती तथा नोडल अध्यापकों की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र घुरवारा में किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के तहत वंडर बॉक्स का उपयोग 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा को खेल आधारित बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और नोडल अध्यापक को प्रशिक्षित किया जा रहा है ।संदर्भ दाता के रूप में एआरपी राजेश कुमार तथा पूर्व एआरपी मोहम्मद इरफान खान ने बताया कि इस प्रशिक्षण के तहत वंडर बॉक्स की सामग्री का उपयोग करके भाषा, साक्षरता और संज्ञानात्मक विकास की गतिविधियों का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुझान बढ़े।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 21 फरवरी। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) रिसिया व बिछिया में प्रवेश हेतु 15 मार्च 2026 को सम्पन्न होने वाली प्रवेश परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु



शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डायट प्राचार्य द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा तथा परीक्षा फल भी घोषित किया जायेगा। परीक्षा के दौरान प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु डीएम ने नायब तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये जाने का निर्देश दिया। जबकि कक्ष निरीक्षक नामित करने का दायित्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त करने की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपी गई है। परीक्षा के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना रिसिया व सुजौली द्वारा आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायेंगे। डीएम ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराएं। बैठक का संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा, एटीएस रिसिया के प्रधानाचार्य अंगद कुमार, वरिष्ठ सहायक विनोद यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# नगर पंचायत खीरी में बड़ा खेल: स्टे वाली भूमि पर पार्क का निर्माण, गाटा संख्या बदलने के खेल में भू-माफियाओं को लाभ?

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर–खीरी। नगर पंचायत खीरी में विकास के नाम पर एक ऐसा विवाद खड़ा हो गया है, जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा रामलीला पार्क के निर्माण की आड़ में न केवल माननीय न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि करोड़ों रुपये की सरकारी भूमि को भू–माफियाओं के हवाले करने की बड़ी साजिश रची गई है। क्या है पूरा मामला? मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत खीरी द्वारा रामलीला पार्क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। सरकारी अभिलेखों और प्रस्ताव के अनुसार, यह पार्क ग्राम पट्टी जयद्रथ की गाटा संख्या 131 पर निर्मित होना प्रस्तावित था। लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। स्थानीय निवासियों और जानकारों का आरोप है कि नगर पंचायत ने गाटा संख्या 131 को श्अ.श्यश हाथों के लिए खाली छोड़ दिया है और निर्माण कार्य ग्राम पट्टी जयद्रथ की गाटा संख्या 132 तथा ग्राम खीरी की गाटा संख्या 30 पर कराया जा रहा है। न्यायालय की अवमानना का गंभीर आरोप इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाला तथ्य गाटा संख्या 30 को लेकर है। बताया जा रहा है कि इस भूमि पर माननीय सिविल जज के न्यायालय द्वारा पूर्व में ही श्स्थगन आदेशश ( ैजंल व्तकमत) पारित किया जा चुका है। कानूनी रूप से जिस भूमि पर न्यायालय का स्टे प्रभावी हो, वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना श्कंटेंप्ट ऑफ कोर्टश (न्यायालय की अवमानना) की श्रेणी में आता है। ऐसे में सवाल उठता है कि अधिशासी अधिकारी (म्व्) और संबंधित इंजीनियरों ने किसके दबाव में या किस मंशा से इस विवादित भूमि पर निर्माण शुरू कराया? रामलीला मैदान के अस्तित्व पर संकट क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि रामलीला मैदान की मूल भूमि (गाटा संख्या 131) को सोची–समझी रणनीति के तहत भू–माफियाओं को श्परोसनेश की तैयारी है। यदि पार्क दूसरी भूमि पर बन जाता है, तो भविष्य में मूल भूमि पर अवैध कब्जों का रास्ता साफ हो जाएगा। पार्क का अस्तित्व और रामलीला मैदान की गरिमा दोनों ही वर्तमान में खतरे में दिखाई दे रहे हैं। प्रशासनिक मिलीभगत की आशंका स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए हैं। राजस्व विभाग की पैमाइश के बिना आखिर कैसे एक प्रस्तावित स्थल को छोड़कर दूसरी भूमि पर निर्माण शुरू कर दिया गया? क्या इसके पीछे कोई बड़ा वित्तीय लेनदेन या राजनीतिक दबाव है? ष्अगर सरकारी प्रोजेक्ट अपनी निर्धारित भूमि के बजाय स्टे वाली भूमि पर बनाया जा रहा है, तो यह सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। अधिशासी अधिकारी पर इसके लिए न्यायालय की अवमानना का केस बनता है।ष – (स्थानीय कानूनी विशेषज्ञ) जांच की उठ रही मांग अब जनता की मांग है कि जिलाधिकारी इस मामले का तत्काल संज्ञान लें और एक निष्पक्ष जांच कमेटी गठित कर मौके की पैमाइश कराएं। यदि निर्माण कार्य गलत गाटा संख्या पर पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि सार्वजनिक संपत्ति को भू–माफियाओं के चंगुल से बचाया जा सके। मुख्य बिंदु जो सुर्खियां बन सकते हैंरू गाटा संख्या 131 की जगह 132 और 30 पर क्यों हो रहा निर्माण? सिविल जज के स्टे ऑर्डर को ठेंगे पर रख रहा नगर पंचायत प्रशासन। भू–माफियाओं को उप.त करने के लिए क्या बदली गई पार्क की लोकेशन?

# नानपारा में गुटखा-बीड़ी-सिगरेट के दाम आसमान पर, आमजन परेशान -महंगाई या बड़े व्यवसायियों का खेल? प्रशासन मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सीमावर्ती कस्बे नानपारा में गुटखा, बीड़ी और सिगरेट के दाम अचानक बढ़ जाने से आम उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। रोजमर्रा की लत बन चुके इन उत्पादों की कीमतें बढ़ते ही सवाल उठने लगे हैं. आखिर यह महंगाई है या बड़े कारोबारियों का सुनियोजित खेल? फुटकर दुकानदारों का कहना है कि थोक विक्रेताओं से माल पहले से कहीं महंगा मिल रहा है, मजबूरी में उन्हें भी ऊंचे दाम पर बेचना पड़ रहा है। दुकानदारों के मुताबिक कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने सप्लाई रेट बढ़ा दिए हैं, जबकि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और टैक्स संरचना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही। उधर, उपभोक्ताओं का आरोप है कि कई दुकानों पर तय एमआरपी से अधिक वसूली की जा रही है। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन और खाद्य–औषधि विभाग की ओर से न तो नियमित जांच दिख रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई। नतीजतन, मनमानी कीमतें वसूली जा रही हैं और जिम्मेदार महकमे की निगरानी सवालों के घेरे में है। प्रशासनिक निरीक्षण से एमआरपी उल्लंघन, जमाखोरी और अवैध मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई हो सकती है, साथ ही, बढ़ी कीमतों के कारणों को सार्वजनिक किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। फिलहाल, नानपारा के बाजारों में गुटखा–बीड़ी–सिगरेट की महंगाई आमजन की जेब पर सीधा असर डाल रही है.और प्रशासन की खामोशी इस आग में घी डालने का काम कर रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर व जिलाध्यक्ष भाजयुमो अंकित तिवारी के नेतृत्व में जैन मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए व एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी सोपा गया! पुतला दहन के समय जिलाध्यक्ष भाजपा महानगर डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर यूथ कांग्रेस ने देश की छवि खराब करने के लिए यह कदम उठाया, जो निंदनीय है। जब भारत नवाचार के क्षेत्र में दुनिया के सामने अपनी पहचान बना रहा है, तब ऐसे प्रदर्शन देश को बदनाम करने की कोशिश हैं। जिलाध्




यक्ष भाजयुमो महानगर अंकित तिवारी ने कहा कि ऐसी गतिविधियां देश की छवि को धूमिल करती हैं और राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ हैं कांग्रेस नेताओं के इस कार्य से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश है इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि के अनुरूप नहीं है यह राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध है! जिला संयोजक स्थानीय निकाय दीपक गुप्ता कालू ने कहा कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित आई सबमिट के दौरान कांग्रेसी नेताओं द्वारा कथित तौर पर अर्धनक अवस्था में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है! पुतला बहन के अवसर पर शैलेंद्र गुप्ता शालू,आकाश गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, सुरेंद्र राठौर, नमन बंसल,गौतम कुशवाहा, देश दीपक राजा, प्राचीर सेठ,भारत सिंह वर्मा, रामनरेश कटरा, केशव फौजी, बंटी कुशवाह, संकेत, अमित, प्रांशु,विकाश,आर्यन, मनोज,अनिकेत,आकाश गर्ग, गुड्डा पहलवान,हरी बाबू दिवाकर,आशीष दिवाकर, हिमांशु शर्मा,संजय मिश्रा, विष्णु राठौर, हरी निवास शर्मा, राम लड़ैती लकी, अंकित गुप्ता,सचिन, कौशल, सुमित तोमर,विनय विद्यार्थी, ध्रुव गुप्ता, राधेश्याम यादव, राहुल शर्मा,बृजभूषण प्रजापति,प्रमोद राजोरिया, करण राठौर,सुनील मिश्रा, रतन सक्सेना, मनीष राठौर, आ.ति सहयोगी, भगवान सिंह झा, अशोक राठौर , रमन यादव, निर्मल शर्मा, आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे!

# सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 21 फरवरी। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव व तहसीलदार मीना गौर सहित अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 35 प्रार्थना–पत्रों में से 03 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 25 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 18 में 01, पयागपुर में 33 में 04, महसी में 21 में 01 तथा तहसील सदर में प्राप्त 07 प्रार्थना–पत्रों में से 01 का निस्तारण मौके पर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील दिवस सहित अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना–पत्रों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है



इसलिए सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने उठाए क्रांतिकारी कदम - अभिलाश कौशल

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार,रायबरेली। समय के साथ .षि क्षेत्र को भी आधुनिकता का रूप देते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने कई क्रांतिकारी कदम उठाए है , जिससे आज का किसान खुशहाल होने के साथ साथ राष्ट्र के विकास के साथ कदमताल कर रहा है । यह विचार शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित .षि विभाग के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को सब्सिडी–आधारित से डिजिटल और उत्पादकता–केंद्रित मॉडल में बदलने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। प्रमुख पहलों में पीएम–किसान (प्रत्यक्ष आय सहायता), पीएम फसल बीमा योजना, .षि अवसंरचना कोष, ई–नाम (डिजिटल बाजार), और



एआई–आधारित परामर्श मंच शामिल हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा, राजस्व व आपदा के लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति के भुगतान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसमें शिव प्रसाद चौरसिया विषय वस्तु विशेषज्ञध सहायक विकास अधिकारी .षि के द्वारा किसानो को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया तथा जिन किसान भाइयों के किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बने हैं ,उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के कहा । उन्होंने कहा कि ऐसे किसान भी गैर ऋणी .षकों के रूप में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। प्रभारी बीज भण्डार ऊॅचाहार बृजेश कुमार यादव द्वारा गन्ना किसानों को उर्द मूंग के निरूशुल्क बीजों के वितरण के बारे में .षि विभाग के पोर्टल पर आवेदन करने की जानकारी दी ।आ.ति सोनी ने फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिव चरन ,शैलेंद्र कुमार, उदय प्रकाश त्रिपाठी के अलावा क्षेत्र के किसान मौजूद रहे ।

# श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू हाउस अरेस्ट न्ब मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन करने वाले थे

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहनलालगंज–लखनऊ। यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में शनिवार को हजरतगंज में प्रस्तावित धरना–प्रदर्शन से पहले प्रशासन ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू



को हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रदर्शन को लेकर शहर में पहले से ही सतर्कता बढ़ा दी गई थी और कई स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।जानकारी के अनुसार सवर्ण मोर्चा ने यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में हजरतगंज स्थित परिवर्तन चौराहे से गांधी प्रतिमा तक पैदल मार्च निकालने का ऐलान किया था। इस प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। प्रशासन को पहले से इसकी सूचना मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गेश सिंह दीपू अपने पैतृक निवास गोपालखेड़ा स्टेट स्थित कोठी पर मौजूद थे, तभी पुलिस बल वहां पहुंचा और उन्हें घर पर ही नजरबंद कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद उनके समर्थकों में नाराजगी देखी गई।प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने बताया कि वे शनिवार को केंद्र सरकार के खिलाफ यूजीसी मुद्दे को लेकर हजरतगंज में शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन करने वाले थे। उनका कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें घर पर ही नजरबंद कर दिया, जबकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाना था।वहीं एसीपी विकास पांडे ने बताया कि धरना–प्रदर्शन को लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू को उनके घर पर नजरबंद किया गया है, जिससे कानून–व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।हजरतगंज और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। परिवर्तन चौराहे से गांधी प्रतिमा तक के मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।

# शहर में संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया अभियान 'ऑपरेशन खोज'

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना ।भ्ज्न ैश्रच्न श्रम विभाग, साथी यूपी संस्था , थाना जी. आर.पी. एवं आर. पी. एफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बांदा व बस स्टैंड बांदा पर विशेष चेकिंग एवं जन–जागरूकता अभियान 'ऑपरेशन खोज' संचालित किया गया । अभियान के दौरान व्यक्तियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया । व्यक्तियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई । रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं जहरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई । बस स्टैंड पर मौजूद दुकानध्होटल पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान चलाया, अभियान के दौरान दुकानध्होटल आदि की चेकिंग की गई एवं आसपास के दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्तिध दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्तिध्दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान निम्न अधिकारीध्कर्मचारी एवं संस्थान प्रतिनिधि उपस्थित रहे अभियान के दौरान थाना ।भ्ज्न प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, शाखा ैश्रच्न से महिला आरक्षी स्वेतलाना मौर्य, चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से शिवसम्पत यादव, थाना त्व्थ् से प्रभारी निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी, आरक्षी तेज सिंह यादव, सुनील पटेल एवं साथी यू. पी. संस्था से प्रमोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। जनपद अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चन्द्रभानु पासवान ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनकी



पत्नी एवं अयोध्या जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कंचन पासवान भी उपस्थित रहीं। भेंट के दौरान विधायक चन्द्रभानु पासवान ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित योजनाओं को गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जन–समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिष्टाचार भेंट को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के .ष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर भी इस मुलाकात को सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय विकास कार्यों को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# इटावा पुलिस ने युवक हत्याकांड का किया खुलासा, एक हिरासत में

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले युवक के शव के मामले का इटावा पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरतारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते साजिश रचकर की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19द्20 फरवरी की रात थाना इकदिल पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो शव की पहचान मनीष यादव के रूप में हुई। जांच के दौरान पता चला कि मनीष यादव की गुमशुदगी 18 फरवरी को थाना भरथना में दर्ज कराई गई थी। घटना के खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद स्तर से तीन टीमों का गठन किया गया। एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त जांच में सामने आया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। आरोपी अभिषेक यादव को अपनी बहन और मनीष यादव के बीच बातचीत की जानकारी हो गई थी, जिससे नाराज होकर उसने अपने साथियों विपिन यादव और दीपक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने 18 फरवरी को मनीष यादव को लिट देने के बहाने कार में बैठाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को रेलवे ट्रैक पर रखकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। अन्य आरोपियों की गिरतारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उन्हें गिरतार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार, परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराने से पहले ही युवक की हत्या की जा चुकी थी। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# कांग्रेस अधिवक्ता प्रकोष्ठ का ऐलान, पीड़ितों को मिलेगी मुत कानूनी मदद

## –संविधान विरोधी कार्यो के खिलाफ अधिवक्ता करेंगे संघर्ष का शंखनाद

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन विस्तार अभियान के तहत अधिवक्ता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के पीड़ित और शोषित वर्ग को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। नगर पालिका स्थित कांग्रेस कार्यालय में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव एडवोकेट विष्णु कांत मिश्रा, प्रदेश सचिव एडवोकेट प्रशांत दुबे एवं जिला अध्यक्ष मोहित प्रताप सिंह का स्वागत किया गया। प्रदेश महासचिव एडवोकेट विष्णु कांत मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता वर्ग हमेशा से संविधान का रक्षक रहा है और वर्तमान समय में जो भी संविधान एवं जनहित विरोधी कार्य हो रहे हैं, उनके खिलाफ अधिवक्ता प्रकोष्ठ मजबूती से आवाज उठाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय और संविधान की रक्षा के लिए अधिवक्ता सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहेंगे। प्रदेश सचिव एडवोकेट प्रशांत दुबे ने कहा कि अधिवक्ता प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य गरीब, शोषित और उत्पीड़ित लोगों को न्याय दिलाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में राजनीतिक द्वेष के चलते कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जाता है, ऐसे सभी पीड़ितों को अधिवक्ता प्रकोष्ठ निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेगा। नवमनोनीत जिला अध्यक्ष मोहित प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ता प्रकोष्ठ समाज के किसी भी वर्ग के पीड़ित व्यक्ति को बिना किसी शुल्क के विधिक सहायता उपलब्ध कराएगा और जहां कहीं भी संविधान एवं कानून का उल्लंघन होगा, वहां अधिवक्ता प्रकोष्ठ मजबूती से खड़ा नजर आएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष एडवोकेट पल्लव दुबे, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, जिला प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, सरवर अली, अंसार अहमद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उसिया मे समाज सेवी इमरान खान द्वारा निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। दिलदारनगर क्षेत्र के उसीया गांव में शनिवार को समाजसेवी इमरान खान के आवास पर एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में पहुंची डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की गहनता से जांच की। आवश्यकतानुसार उन्हें निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। डॉ. बृजेश सिंह और डॉ. कपिल कुशवाहा ने बताया कि जांच किए गए सैकड़ों मरीजों में से लगभग 80 प्रतिशत मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। कई मरीजों को बेहतर उपचार और ऑपरेशन के लिए आगे परामर्श भी दिया गया। शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की विशेष देखभाल सुनिश्चित की गई। समाजसेवी और प्रधान पद प्रत्याशी इमरान खान ने बताया कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे और शिविरों की मांग की।

**उत्तर मध्य रेलवे**

No. 230-Elect/TRD/PRYJ/EIG/2026 दिनांक : 14.02.2026

**''सार्वजनिक अधिसूचना''**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25 के.वी., 50 हर्टज ए.सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विदयुन्मय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि कर्षण लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं दिया जायेगा।

**दिनांक : 25.02.2026 को अथवा उसके पश्चात।**

**खण्डः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के फफूंद, भरथना, जसवंतनगर, भदान, हिरनगांव, जलेसर रोड, हाथरस, बरहन, शिकोहाबाद, सासनी, सिराथू, रमवा, कनवार, खागा, फैजुल्लापुर, कटोघन, रसूलाबाद, कुरस्तीकलां स्टेशनों पर हॉट एक्सल, आरजीएम और गुड्स साइडिंग।

द्वारा निर्गतः
वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण)
प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे

398/26 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सहायक खाघ आयुक्तको सौंपा 18 सूत्रीय ज्ञापन

## - खाघ सुरक्षा के मानक सरल करने की मांग

## -त्योहारों पर व्यापारियों को नहीं किया जाए परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा । उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आज जिला मुख्यालय पर सहायक खाघ आयुक्त को आगामी होली और ईद के त्यौहारों के .ष्टिगत खाघ सुरक्षा के मानकों को सरल करने एवं खाघ कारोबारियों को सैंपलिंग के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान न करने की मांग की व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि खाघ सुरक्षा मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन की सीमा 12 लाख टर्न ओवर से बड़ा कर 40 लाख की जाये ,फूड एक्ट का लाइसेंस न होने पर सजा का प्रावधान



खत्म हो, प्रत्येक जिले में एक ही रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किया जाऐ और उसे फील्ड का काम न दिया जाए , पांच करोड़ तक टर्नओवर वाले निर्माताओं से छमाई और सालाना रिटर्न की व्यवस्था खत्म की जाए, समाधान योजना चला कर पिछला जुर्माना माफ कर धनराशि व्यापारीयों को वापस की जाए तथा अधिकारियों को सैंपलिंग के टारगेट न दिये जायें इस अवसर पर जिला संरक्षक हाजी शंहशाह वारसी, जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी चांद मंसूरी, प्रदेश मंत्री महिला श्रीमती मंजू लता द्विवेदी,महिला जिला अध्यक्ष शकीला बेगम, उघोग मंच के महामंत्री राहुल दीक्षित, युवा जिला महामंत्री सुनील कुशवाहा, युवा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव,शेख नबाब, परिमित दीक्षित, जिला सचिव सिकंदर वारसी, महिला जिला सचिव सुमन यादव, ज्योति वर्मा,याशमीन,राखी कुमारी सहित दर्जनों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# संस्कृत कार्यक्रम में छात्राओं ने बिखेरा प्रतिभा का रंग, एकल-समूह नृत्य में दिखा सांस्कृतिक वैभव

## -राजकीय महिला पीजी कश्लेज में नृत्य प्रतियोगिता की धूम, बेटियों के आत्मविश्वास और कला ने जीता दिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में त्रि–दिवसीय संस्कृत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एकल और समूह नृत्य प्रतियोगिताओं ने छात्राओं की प्रतिभा और सांस्तिक कौशल का भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए पूर्व डीन प्रो. एन. के. शर्मा ने छात्राओं के आत्मविश्वास की प्रशंसा की और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं के प्रदर्शन को सीमित .ष्टिकोण से देखने के बजाय महिला सशक्तिकरण के उस व्यापक स्वरूप के रूप में देखना चाहिए जिसे सरकार नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आज के दौर में बेटे और बेटी के बीच कोई अंतर नहीं रह गया है और बेटियों की सफलता इस प्रगतिशील बदलाव का प्रमाण है। छात्राओं के उत्साहवर्धन के बीच प्राचार्य प्रो. श्याम पाल सिंह ने संगीत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे एक अपार शक्ति बताया जो मनुष्य के जीवन की दिशा और दशा दोनों को सकारात्मक रूप से बदलने का सामर्थ्य रखती है। डॉ. डोली रानी के कुशल संचालन में आयोजित इस समारोह में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका



में दुर्गेश लता, डॉ. रेखा, डॉ. रमाकांत राय, श्याम देव यादव और डॉ. श्वेता मौजूद रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को बारीकी से परखा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर डॉ. अजय दुबे, प्रो. चंद्रप्रभा और डॉ. अमित कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## -ऊसराहार पुलिस ने बताये हेल्पलाइन नंबर व सरकारी योजनाओं के लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सु.ढ़ करने के



उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 102 व 108 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही टीम द्वारा महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। पुलिस टीम ने महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं एवं महिलाओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, जागरूक एवं सतर्क रहने तथा प्राप्त जानकारी को अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों के साथ साझा करने के लिए भी प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार है और मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

# इटावा पुलिस ने 8 घंटे में ठगी के 81 हजार लौटाए

## –ई–चालान फाइल से ठगी, साइबर प्रकोष्ठ ने बचाए रुपये

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। इटावा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 8 घंटे के भीतर पीड़ित के 81,337 रुपये वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में साइबर प्रकोष्ठ टीम की सक्रियता से संभव हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली क्षेत्र के छिपैटी निवासी नितेन्द्र पाल के व्हाट्सएप्प पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ई–चालान के नाम से एक एप्लीकेशन फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया और उनके ऋण कार्ड (क्रेडिट कार्ड) से 81,337 रुपये कट गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में साइबर प्रकोष्ठ टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। टीम ने बैंक और भुगतान माध्यम के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए और तेजी से प्रयास करते हुए मात्र 8 घंटे के भीतर पीड़ित की पूरी धनराशि वापस करा दी। अपनी पूरी धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस और साइबर प्रकोष्ठ टीम की सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक या एप्लीकेशन फाइल को डाउनलोड न करें तथा साइबर ठगी होने पर



तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# एडीएम ने खागा तहसील में सुनीं पीड़ितों की समस्याएं

## - 196 प्राप्त शिकायतों में 22 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अपर जिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 196 शिकायतकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके सापेक्ष 22 का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य है। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश



दिए कि शासकीय कार्यो में लापरवाही न बरती जाये। सभी लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। इस अवसर उप जिलाधिकारी खागा, मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनीं जन समस्याएं

## –चकरनगर तहसील दिवस में अधिकारियों को दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में शनिवार को प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया।



तहसील चकरनगर में आयोजित समाधान दिवस में शुभ्रान्त कुमार शुक्ल जिलाधिकारी इटावा एवं बृजेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिये कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और पीड़ितों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस के माध्यम से जनता को त्वरित न्याय दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर तहसील एवं थाना स्तर के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की।

# सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज में हुआ अश्वनी जैन का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो



सिरसागंज। श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किए जाने के उपलक्ष्य में सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर दुगमई के विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एम डी सर ने उनसे आशीष लेते हुए बताया वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एम डी सर के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सौरभ, शिवम जैन, पंकज, अंकुर, महेन्द्र, धीरज, राजा, अभी,राज, नम्रता, शोभा, मंजू, वर्षा आदि उपस्थित रहे।

**न्यूज़ वाणी**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488



# सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसो के दौरान महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ निवासी जितेन्द्र कुमार गुप्ता का 23 वर्षीय पुत्र कपिल कस्बे के भूरी देवी पत्नी रामबाबू गुप्ता 65 वर्ष के साथ बाइक से शहर किसी काम से आया था। वापस लौटते समय कस्बा के समीप ही अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के साहूपुर चौहट्टा गांव निवासी रामकिशोर का 26 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार बाइक से शहर आ रहा था। तभी मकनपुर के पास सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# कांग्रेस का अराजक चेहरा फिर बेनकाब : मधुराज

## - युवा मोर्चा ने कांग्रेसियों पर देशद्रोह की कार्यवाही की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा किए गए अभद्र और अमर्यादित प्रदर्शन की भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पटेल नगर चौराहे में पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।



जिलाध्यक्ष मधुराज विष्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब भारत आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) और भविष्य की तकनीक में विष्व का नेतृत्व कर रहा है, तब कांग्रेस पार्टी अपनी संकुचित राजनीति के लिए देश की साख पर हमला कर रही है। जब दुनिया भर के दिग्गज भारत की तकनीकी क्षमता को देखने दिल्ली आए हैं, तब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस प्रदर्शन कर न केवल मर्यादा लांघी है, बल्कि विदेशी मेहमानों के सामने भारत की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया है। कहा कि राहुल गांधी द्वारा समिट को पीआर तमाशा कहना और झूठे आरोप लगाना उनकी हताशा को दर्शाता है। वे भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। विदेशी धरती हो या भारत का अंतर्राष्ट्रीय मंच, राहुल गांधी हमेशा भारत विरोधी नैरेटिव को हवा देते हैं। डेटा सुरक्षा और चीनी उत्पादों के नाम पर फैलाया जा रहा भ्रम पूरी तरह निराधार है। यह समिट आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की सफलता का प्रमाण है, जिसे कांग्रेस अपनी नकारात्मकता से ढकना चाहती है। देश की सुरक्षा के .ष्टिगत ऐसे संगठन व कार्यकर्ताओं को ब्लैकलिस्टिंग करना चाहिए। कहा कि राहुल गांधी को सार्वजनिक माफी मांगना चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, आलोक सिंह, गौरव गुप्ता, अभिषेक सैनी, रोहित अवस्थी, सचिन विश्वकर्मा, आर्यन गुप्ता, तनिष्क, हर्षित पांडे, दीपक कश्यप, प्रवीण चौरसिया, विमलेश पाल, अरुण शुक्ला, आशीष, आयुष चौधरी, प्रखर, राघव गुप्ता, राज दीक्षित, रितिक ठाकुर शिवम पांडे, अमन गुप्ता आदि तमाम युवा साथी मौजूद रहे।

# चिकनपॉक्स बचाव व सीपीआर प्रशिक्षण अभियान चलाया

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में पुनः चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव व सीपीआर प्रशिक्षण अभियान चलाया। डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर के 72, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर के 103, कम्पोजिट विद्यालय मलाका के 113 कुल 288 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। साथ ही कम्पोजिट विद्यालय मलाका के बच्चों को सीपीआर प्रशिक्षण देकर कैसे किसी के हृदय रुक जाने पर अस्पताल भेजने से पहले सीपीआर देना और फिर अस्पताल भेजने हेतु जागरूक किया और स्वच्छता रखने हेतु भी समझाया क्योंकि बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता न रखने से हम सभी को प्रभावित करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरदीप, शशि देवी, कमलेश कुमार सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य सुरेश श्रीवास्तव व अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो / खागा, फतेहपुर। उत्तर प्रदेष उद्योग व्यापार मंडल की जनपद इकाई ने षनिवार को ऑनलाइन व्यापार के अनियंत्रित विस्तार के विरोध में जनपद के सांसद को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल से मिला और प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार के कारण फुटकर एवं पारंपरिक बाजारों के व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने मांग किया कि छोटे व्यापारियों के संरक्षण, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और स्थानीय बाजारों को बचाने के लिए केंद्र सरकार सख्त कानून बनाए। इस अवसर पर चेयरमैन बिन्दा प्रसाद अग्रहरि, जिला महामंत्री दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष कुंवारे सिंह, संरक्षक वेद प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष हरी प्रसाद गुप्ता, नगर अध्यक्ष गुलज़ार सिंह, महामंत्री मनोज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष समीर अग्रहरि, युवा महामंत्री श्रीकांत मिश्र, युवा जिला उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल सहित सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष .ष्ण चंद्र अग्रवाल और अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से पत्र के माध्यम से संसद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित कराए जाने की मांग की।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जहानाबाद चेयरमैन - बुके व शाल पहनाकर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनपद में एक दिवसीय दौरे पर आए। कई स्थानों पर पहुंचकर उन्होने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके अंदर जोष भरने का काम किया। समाजवादी पार्टी के राश्ट्रीय अध्यक्ष जब हुसैनगंज विधायक ऊशा मौर्या से मुलाकात करने घोश स्थित उनके विद्यालय पहुंचे तो सपाईयों ने उनका उत्साह से स्वागत किया। जहानाबाद नगर पंचायत के चेयरमैन सै0



आबिद हसन ने भी राश्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की। अखिलेश ने उनकी पीठ थपथपाते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। सैयद आबिद हसन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके और शाल पहनकर जोरदार स्वागत किया। यह मुलाकात स्थानीय स्तर पर काफी चर्चा का विषय बनी। इस दौरान अखिलेश यादव ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि जनता अब बदलाव की राह पर है और सपा इस बदलाव की अगुवाई करेगी। उन्होंने यूपी बजट, किसानों की समस्याओं, कानून–व्यवस्था, अधूरे पुलों–खराब सड़कों और अन्य मुद्दों पर तीखी आलोचना की।

# सीडीओ व एडीएम ने लाभार्थियों को सौंपी क्षतिपूर्ति की चेक

## - सीएम योगी ने वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से कार्यक्रम का किया षुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने .षि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अंतर्गत संचालित किसानों के सम्बन्धित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पूर्वान्ह 10 बजे गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अर्न्तगत संचालित योजनाओं की क्षतिपूर्ति वितरण एवं अन्य कार्यक्रम हेतु आयोजित लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से .षकों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु जनपद के .षकों को 2.51 करोड की क्षतिपूर्ति राशि 10180 लाभार्थी .षकों एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना कल्याण के अंतर्गत 175 करोड 3500 परिवारों के खाते में वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति प्रदान कर लाभान्वित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री फसल योजना के अंतर्गत जनपद के एक .षक को अधिकतम 237714 रू की क्षतिपूर्ति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा आपदा मित्रों को बचाव राहत किट एवं जीवन बीमा लाभ का सुरक्षा कवर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) डॉ0 अविनाश त्रिपाठी, उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी सदर रंजीत चौरसिया, अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल .ष्णा, तहसीलदार सदर, कुंवर सेन गंगवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सीडीओ व एडीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत .षक ओम मिश्रा, रज्जन, प्रेमचन्द्र, बुद्धिसागर, श्रीकान्त, लक्ष्मीकान्त एवं विजय सिंह आदि एवं मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी कृषकों व परिवार को क्षतिपूर्ति की चेक प्रदान कर योजना से लाभान्वित किया।

# सपा नगर अध्यक्ष बने सुहैल खान

## - राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौंपा मनोनयन पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष रहे तनवीर हैदर नकवी की मृत्यु हो जाने के कारण रिक्त चल रहे नगर अध्यक्ष के पद पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने षहर के कटरा अब्दुल गनी मुहल्ला निवासी सुहैल खान हेमू को नगर अध्यक्ष मनोनीत कर दिया।

एक दिवसीय जनपद दौरे पर आए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेष यादव ने पूर्व चेयरमैन नजाकत खातून के आवास पर नगर अध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपा और पार्टी को सषक्त बनाने के निर्देष दिए। श्री हेमू ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। जिससे आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेष की सत्ता पर दोबारा समाजवादी पार्टी को काबिज कराया जा सके।

# गांव-गांव पंचायत करेगी भाकियू अराजनैतिक

## - थानों की पुलिस ने रवैया न बदला तो होगी बड़ी पंचायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक नहर कालोनी के निरीक्षण भवन में आयोजित हुई। जिसमें गांव–गांव पंचायत करने की रूपरेखा तय की गई। साथ ही तहसीलों में होने वाली मासिक बैठक को बड़े रूप में करने की भी बात कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा गांव में स्मार्ट मीटर न लगाया जाए। थानों में किसानों की समस्या नहीं सुनीं जा रही है। अगर पुलिस ने अपना रवैया न बदला तो बड़ी



पंचायत की जाएगी। सदर अस्पताल सहित जिले के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए। सभी जांचो की व्यवस्था करवाई जाए। दवा की उपलब्धता की जाए। किसान दिवस, तहसील दिवस, थाना दिवस में आने वाले किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए। अन्ना जानवरों की रोकथाम की जाए। यदि इन समस्याओं का प्रषासन ने समाधान नहीं किया तो संबंधित विभागों में पंचायत की जाएगी। बैठक में प्रदेष उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, जिला प्रभारी व जिला महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल, अंकित सिंह चौहान, महेन्द्र सिंह भदौरिया, दीपक गुप्ता, बबलू सिंह, अजय प्रजापति, छोटे सिंह, आषू सिंह, डा. लल्लन भी मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत के बाद डंपर ने कुचला, चार की मौत

## - चार युवकों की मौत से परिवारों में छाया मातम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहुआ, फतेहपुर। तेज रतार बाइक सवारों की ओवरटेक करने की चक्कर में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार बीच सड़क में गिर गए और पीछे से आ रहे डंपर ने दो लोगों कुचल दिया जिससे दो दोस्तों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरे की गाजीपुर सीएचसी में मौत हुई और चौथे दोस्त ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। चार मौतें होने परिवारों में मातम छा गया। पुलिस ने चारों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के सिधाव गांव निवासी सुखराज पाल का पुत्र उमेश पाल (25) अपने दोस्तों सिधाव निवासी आकाश यादव (20) पुत्र धर्मपाल यादव, सौरभ द्विवेदी (18) पुत्रगण भैयालाल और बिंदकी कोतवाली के दुगरेई गांव निवासी गजराज पाल उर्फ पिंटू (22) पुत्र रामसनेही दो बाईकों में सवार होकर बहुआ कस्बे निमंत्रण में आए थे और रात साढ़े 10 बजे निमंत्रण करके दो बाइकों से वापस सिधाव लौट रहे थे। जैसे बहुआ कस्बे के मेवली मोड के पास बांदा टांडा हाइवे में पहुंचे और डंपर को ओवरटेक करके आगे निकलने लगे तो सामने से वाहन आ जाने से दोनों बाइक आपस में टकरा गई और बाइक सवार चारों दोस्त सड़क में गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहे डंपर ने दो लोगों को कुचल दिया जिससे बाइक सवार गजराज पाल उर्फ पिंटू पुत्र रामसनेही निवासी दुगरेई थाना बिंदकी और सौरभ द्विवेदी पुत्र भैयालाल निवासी सिधाव की मौके पर मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल दो दोस्तो को पुलिस ने एंबुलेंस से गाजीपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां आकाश यादव पुत्र धर्मपाल निवासी सिधाव की गाजीपुर सीएचसी में मौत हो गई और उमेश पाल पुत्र सुखराज



पाल निवासी सिधाव की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चारो परिवारों में मातम छा गया। पुलिस ने चारों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात
चौथे रोजे का इफतार 6.05 व पांचवें रोजे की सहरी 5.13 मिनट पर करे।

शिया हजरात– चौथे रोजे का इफतार 6.15 व पांचवें रोजे की सहरी 5.03 मिनट पर करे।

# दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव व मेला 24 से

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्री सीरियल घटक योजना के अन्तर्गत .षि विज्ञान केन्द्र थरियांव के प्रागंण में दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव व मेला चौबीस फरवरी से आयोजित किया जा रहा है। मिलेट्स महोत्सव व मेला में उन्नत तकनीक के .षि यंत्रों की प्रदर्शनी तथा विविध प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील .षक, .षि वैज्ञानिक एवं .षि तथा उससे सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा एवं किसानों को .षि की नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। .षक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम के अर्न्तगत किसानों की समाधान की तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। उन्होने किसानों का आहवान किया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्री सीरियल घटक योजना के अन्तर्गत लगने वाले मिलेट्स महोत्सव व मेला में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर योजनाओं का लाभ एवं कृषि की नवीनतम कृषि तकनीकी जानकारी प्राप्त करें।

# फांसी लगा अधेड़ ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर पधारा में 55 वर्षीय शराबी ने गांव के बाहर खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रसूलपुर पधारा गांव निवासी स्व0 गंगू सिंह का पुत्र राजकरन शराब पीने का आदी था। बताते हैं कि शुक्रवार की दोपहर वह खेत की ओर गया और वहीं उसने पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पेट में दर्द होने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली के ग्राम सेरपुर में 18 वर्षीय युवक की अचानक पेट दर्द होने पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सैरपुर गांव निवासी मुन्नू का पुत्र शिवकुमार को शुक्रवार की दोपहर अचानक पेट में दर्द हुआ जिस पर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्कस ने उसे उपचार के बाद घर भेज दिया। घर आते ही उसके सीने में दर्द होने लगा। दोबार घर वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्कस ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई राजकुमार ने बताया कि उसके भाई पेट में पथरी थी। अक्सर कर दर्द होता था कल दोपहर दर्द होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाया गया जहां घर आने के बाद कुछ देर बाद उसके सीने में दर्द होने लगा जिस पर उसे फिर अस्पताल ले गये। जहां उसने दम तोड दिया हालाकि भाई ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# मिशन शक्ति से महिलाओं व बालिकाओं को मिल रही नई ऊर्जा

## - विभिन्न थानों पर बहू-बेटी सम्मेलन का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण को नई ऊर्जा मिली है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा बहू–बेटी सम्मेलन का भव्य और प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को मजबूत करना है। थीम सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश के साथ यह मुहिम समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सम्मेलन में पुलिस टीमों ने शक्ति दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहनों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों, गांवों और स्कूलों में व्यापक जागरूकता फैलाई। महिलाओं, किशोरियों और उनके परिवारों



को निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिला सशक्तिकरण और कानूनी अधिकार, नारी सुरक्षा के उपाय, स्वावलंबन के अवसर, दहेज मृत्यु और अपहरण जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112 आदि) की जानकारी दी गई। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को अपराध के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बनें और समाज में सकारात्मक योगदान दें। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा जनपद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही दहेज, अपहरण, साइबर क्राइम जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इस आयोजन से महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है और जागरूकता का स्तर बढ़ा है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )